CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 40 | जयपुर, गुरूवार 26 फरवरी, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल कैबिनेट के पांच बड़े फैसलों से प्रदेश के विकास को लगेंगे और पंख, दो से ज्यादा बच्चे वाले भी लड़ सकेंगे चुनाव

**बुधवार को आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक ने न केवल चुनावी समीकरणों को बदल दिया है बल्कि निवेश, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए कई गेम चेंजर फैजल फैसलों पर मोहर लगाई है**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के इतिहास में बुधवार का दिन एक स्वर्णिम अध्याय लिख गया इस स्वर्णिम अध्याय में भजनलाल सरकार के कैबिनेट के लिए गए बड़े-बड़े निर्णय से एक तरफ जहां प्रदेश के विकास को तेजी से रफ्तार मिलेगी तो दूसरी तरफ प्रदेश में कई क्षेत्रों में विकास के रास्ते खोलकर प्रदेश के लोगों के चेहरों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से जबरदस्त मुस्कान बिखेर दी है बुधवार के दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में पांच बड़े फैसले हुए जिनमें सभी निर्णय क्रांतिकारी निर्णय कहे जा सकते हैं जो प्रदेश की जनता के लिए तो काफी फायदेमंद और हितकारी साबित हो ही सकते हैं इसके अलावा कहीं ना कहीं प्रदेश की 8 करोड़ की जनता में अपने विश्वास और भरोसे को बनाए रखने के लिए सीधे सरल और कर्मठ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ी चतुराई दिखाई दिए 2 साल से अधिक बच्चे वाले इंसान को भी पंचायत राज चुनाव लड़ने की अनुमति देकर ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग राजनीति में अपना करियर बनाना चाहते हैं लेकिन दो से अधिक बच्चे होने की वजह से चुनाव नहीं लड़ पाए थे अब वह आगामी पंचायत राज चुनाव लड़ने की ओर देख रहे हैं बुधवार को राजस्थान में सुशासन के संकल्प को दोहराते हुए भजनलाल सरकार ने कैबिनेट बैठक में विकास और सामाजिक सुधारो का नया खाका प्रस्तुत किया दो संतानों की चुनावी बंदिश को खत्म करने से लेकर अजमेर में नए आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना तक सरकार ने हर वर्ग को साधने का प्रयास किया जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक ने राजस्थान पंचायती (संशोधन)राज विधायक 2026 और राजस्थान नगर पालिका (संशोधन) को मंजूरी दे दी है कैबिनेट की बैठक में राजस्व आसूचना और आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन को मंजूरी दी गई है आर्थिक अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए राजस्व आसूचना और आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन किया जाएगा प्रभावी कार्य के लिए 107 नए पदों के सर्जन को भी मंजूरी दी गई है इससे आर्थिक अपराधों की जांच अनुसंधान और अभियोजन के एकीकृत संचालन राजस्व लीकेज और टैक्स चोरी पर नियंत्रण तथा रियल स्टेट बैंक बीमा शेयर बाजार मल्टी लेवल मार्केटिंग फर्जी दस्तावेज सरकारी भूमि और सहकारी घोटाले जैसे मामलों में प्रभावी और तेज कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी ।

जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक में पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिका चुनाव में दो से अधिक संतान होने पर चुनाव ने लड़ने की बाध्यता समाप्त करने की कैबिनेट की मंजूरी के अलावा पंचायत राज संस्थाओं और नगर पालिका चुनाव में सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए कुष्ठ रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाने को मंजूरी भी दी गई ।बुधवार को कैबिनेट की बैठक में प्रदेश को औद्योगिक निवेश के महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन हब के रूप में विकसित करने के लिए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया इस नीति से प्रदेश के औद्योगिक अवसंरचना विकास में पीपीपी मॉडल के माध्यम से निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा पार्क के लिए अनुमोदन भीम राज निवेश पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो प्रणाली द्वारा समयबद्ध और पारदर्शी रूप से की जाएगी निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य है ।

बुधवार को भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद के सृजन को मंजूरी दी गई, वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी (ग्रेड पे 3600 लेवल-10) नवीन पद के सृजन को मंजूरी के अलावा 750 ग्रामविकास अधिकारियों को वरिष्ठ ग्राम विकासअधिकारी के पद पर मिलेगी पदोन्नति इस निर्णय से ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग को पदोन्नति के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे जानकारी के अनुसार भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में नीम का थाना में स्टील प्लेट प्लांट के लिए 53 हेक्टर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है जिससे 500 करोड़ का निवेश और 565 प्रत्यक्ष नौकरियां आएगी इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में एक और बड़ा फैसला हुआ जिसमें थे राजस्थान आयुर्वेद योग और नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी अजमेर विधायक 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया इससे केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राज्य सरकार की आयुष नीति के उद्देश्यों और लक्षण की प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा एक और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना से आयुर्वेद योग और नेचुरोपैथी यूनानी होम्योपैथी आदि के क्षेत्र में शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तो दूसरी तरफ प्रदेश के आयुष क्षेत्र में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केवल जोधपुर में ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय संचालित ।

## दिया कुमारी की मॉनिटरिंग में नए कलेवर में दिखने लगे हैं आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल योजनाएं की जा रही विकसित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के निर्देशन और उनके नवाचारों से पिछले 2 साल में प्रदेश के आंगनबाड़ी केदो में व्यापक स्तर पर अनेक तरह के विकास कार्य संपादित हुए हैं व्यापक तौर पर आंगनबाड़ी केदो में कई तरह की सुविधाएं विकसित की गई है जिसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र नए कलेवर में दिखने लगे हैं इसका सीधा फायदा यहां आने वाली महिलाओं और उनके बच्चों को मिल रहा है पहले इन आंगनवाड़ी केदो में कई तरह की कमियां और आधारभूत सुविधाओं का अभाव था जिसकी वजह से यहां आने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन इन आंगनवाड़ी केदो को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शुरू से ही काफी गंभीर नजर आई और उन्होंने महिला होने के नाते महिलाओं की समस्याओं को प्रमुखता से समझा और महसूस किया इसी का असर है कि प्रदेश के आंगनबाड़ी केदो में लगातार नई-नई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राज्य के 41 जिलों के 9519 आंगनबाड़ी केदो पर 16.18 करोड रुपए के पेयजल सुविधा विकसित की जा रही है प्रत्येक केंद्र पर टंकियां मोटर पंप और नल कनेक्शन लगाई जा रहे हैं आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मलावत ने बताया कि बजट आवंटित कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं उन्होंने बताया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 17000 रुपए की लागत से दो पानी की टंकियां 300 से 500 लीटर क्षमता वाली एक मोटर पंप तथा एक नल कनेक्शन रसोई वास बेसिन और शौचालय स्थापित किए जाएंगे इससे केदो में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और बच्चों तथा महिलाओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सभी जिला उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास को आवश्यक बजट आमंत्रित किया जा चुका है तथा कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं ।

## एनसीईआरटी किताब में ज्यूडिशियरी में करप्शन अंश डालने पर सुप्रीम कोर्ट की गंभीर आपत्ति

**नई दिल्ली:(एंजेसी)** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने बुधवार को नई एनसीईआरटी क्लास 8 की पुस्तक में ज्यूडिशियरी में करप्शन संबंधी अंशों को शामिल किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि किसी को भी संस्थान को बदनाम या उसकी गरिमा कम करने की इजाजत नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि इस मामले में वह उपयुक्त कार्रवाई करेंगे। चीफ जस्टिस ने टिप्पणी में कहा कि हम खुद संज्ञान लेंगे और किसी को भी इस पृथ्वी पर संस्था की निष्कलंकता पर आंच लाने और उसे बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। यह मामला सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने यह मामला उठाया गया। दरअसल मंगलवार को एक अंग्रेजी अखबार में रिपोर्ट किया गया था कि नई एनसीईआरटी क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' और 'भारी लंबित मामले' को प्रमुख चुनौतियों के रूप में बताया गया है। बुधवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने सीनियर वकील कपिल सिब्बल, सीनियर वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले को उठाया। सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कह कि हम इस संस्था के सदस्य होने के नाते गहराई से व्यथित हैं कि क्लास आठ के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह एनसीईआरटी का हिस्सा है। इस संस्था में हमारी बड़ी हिस्सेदारी है और ऐसे में यह पूरी तरह से निंदनीय है। हमारे पास पुस्तक की प्रतियां हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह इस मामले से अवगत हैं। उन्हें इस संबंध में कई फोन कॉल और संदेश प्राप्त हुए हैं।

## कृषि मंत्री की दो टूक: किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12% ब्याज

**नई दिल्ली (एंजेसी)**केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईए आरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके। किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए।

## सांगानेर एयरपोर्ट के पास दिल्ली की तरह 5815 करोड़ रुपए से तैयार होगा मंडपम, सरकार पर नहीं पड़ेगा वित्तीय भार : राठौड़

**प्रदेश को इन्वेस्टर लैंड रेडी स्टेट के रूप में तैयार किया जा रहा है,इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी 2026, निजी निवेश को चार मॉडल में प्रोत्साहन**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन और आदरणीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार कच्चे माल के निर्यात के बजाय वैल्यू एडिशन पर केंद्रित रणनीति लागू कर रही है, यह बात कहते हुए वाणिज्य एवंउद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इसी रणनीति के तहत आयरन ओर ( लौह अयस्क) को बाहर भेजने के बजाय राज्य में ही प्रोसेस कर स्टील में बदलने की दिशा में 500 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि एक कंपनी इस प्रोजेक्ट के लिए आगे आई है, जिसे 53 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इस प्लांट में प्रतिवर्ष 1.5 मिलियन मीट्रिक टन आयरन ओर का उत्पादन और प्रोसेसिंग होगी। इससे सीधे तौर पर राज्य के 550 युवाओं को रोजगार मिलेगा, जबकि सप्लाई चेन से जुड़ी कई एंसिलरी यूनिट्स भी विकसित होंगी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि यह प्लांट बेनिफिकेशन और पैलेटाइजेशन तकनीक पर आधारित होगा। पहले आयरन ओर को शुद्ध किया जाएगा और फिर उसे पैलेट में परिवर्तित किया जाएगाए जिससे उसकी गुणवत्ता और बाजार मूल्य दोनों में वृद्धि होगी।


उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि आयरन ओर का प्रदेश से बाहर कच्चे रूप में जाना रुकेगा। इससे जीएसटी राजस्व बढ़ेगा, निर्यात क्षमता मजबूत होगी और स्टील वैल्यू चेन में राजस्थान की स्थिति सशक्त होगी। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी मजबूती देगी। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि इस परियोजना के लिए दी जाने वाली भूमि की दर डीएलसी रेट से दोगुनी होगी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कैबिनेट के दूसरे महत्वपूर्ण निर्णय का उल्लेख करते हुए बताया कि टोंक रोड पर बी 2 बायपास, एयरपोर्ट के निकट प्रस्तावित मंडपम प्रोजेक्ट की लागत संरचना में बड़ा सुधार किया गया है। पहले इस प्रोजेक्ट की लागत 3055 करोड़ रुपए आंकी गई थी, जबकि राजस्व में 635 करोड़ रुपए का गैप था, जिसका भार राज्य सरकार पर पड़ता। संशोधित मॉडल में प्रोजेक्ट लागत 5815 करोड़ रुपएऔर अनुमानित राजस्व 5825 करोड़ रुपए तय किया गया है। उन्होंने कहा कि अब यह पूर्णतः सेल्फ.सस्टेनिंग प्रोजेक्ट होगा। राज्य सरकार को कोई वित्तीय भार नहीं उठाना पड़ेगा बल्कि 10 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ भी होगा।

राठौड़ ने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच बड़े कॉन्वोकेशन, वैश्विक कॉर्पोरेट कार्यक्रम और निवेशक सम्मेलन के लिए इस तरह की विश्वस्तरीय सुविधा की आवश्यकता है। इससे इंजीनियरिंग, डेटा एनालिटिक्स, एआई और आईटी क्षेत्रों में कार्यरत युवाओं के लिए भी अवसर बढ़ेंगे और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स प्रदेश में आएंगे। तीसरे बड़े निर्णय के तहत कैबिनेट ने राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी 2026 को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अब तक अधिकांश उद्योग सरकार द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित होते थे जिससे निजी निवेश सीमित रहता था। नई नीति के तहत चार मॉडल लागू किए गए हैं। पहले मॉडल में पूरी जमीन रीको देगी। दूसरे मॉडल के तहत 80 फीसदी जमीन कोई भी डवलपर ले चुका होगा और उसे 20 फीसदी जमीन की जरूरत होगी तो उसे यह रीको देगी। तीसरे मॉडल में पूरी की पूरी जमीन डवलपर को ही ढूंढनी होगी। चैथा मॉडल पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनर मोड पर होगी। पहले मॉडल में भूमि उन जिलों में प्राथमिकता से दी जाएगी, जहां औद्योगिक गतिविधियां कम हैं, ताकि संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित हो सके। न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जा सकेगा। पहले दस इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने वालों को 20 प्रतिशत पूंजी सब्सिडी दी जाएगी।

तीसरे मॉडल में जो डवलपर अपने खर्च पर उद्योग लगाना चाहता है उसे भी सरकार मदद करेगी। इसमें जरूरी है कि कम से कम पचास एकड़ भूमि पर इंडस्ट्रियल पार्क लगाना चाहिए। पहले दस इंडस्ट्रियल पार्क लेकर आने वाले को 20 फीसदी कैपिटल सब्सिडी सरकार की ओर से दी जाएगी। इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स को डवलप करने में जितनी पूंजी लगाई जा रही है उसका बीस प्रतिशत पैसा सरकार देगी। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने पर 100 करोड़ रुपए के निवेश पर 20 करोड़ रुपए सरकार वापस देगी। 100 से 250 करोड़ रुपए पर 30 करोड़ रुपए, 250 करोड़ रुपए से अधिक निवेश पर 40 करोड़ रुपए तक की सहायता सरकार की ओर से मिलेगी। साथ हीए सीटीबी पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। पार्क की सीमा तक पानी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएगी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पहले निजी क्षेत्र को यह जानकारी नहीं मिल पाती थी कि कहां औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा सकते हैं। अब सरकार ने राजनिवेश पोर्टल पर ऐसी सभी भूमि का विवरण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सप्लाई चेन के बदलते परिदृश्य में राजस्थान को इन्वेस्टर लैंड रेडी स्टेट के रूप में तैयार किया जा रहा है ताकि अधिकतम निवेश आकर्षित किया जा सके और पिछड़े क्षेत्रों का भी औद्योगिक विकास सुनिश्चित हो सके।

## भारत को 'सुरक्षा कवच' देगा इजरायल! रक्षा क्षेत्र में बड़ी डील की संभावना; खास मिशन पर काम कर रहे दोनों देश

**नई दिल्ली:(एंजेसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल दौरे पर हैं और इस दौरान बड़ा फोकस डिफेंस पर रहने की उम्मीद है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग के साथ ही ड्रोन, प्रिसिशन गाइडेड एम्युनिशन, डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर फोकस रह सकता है। इजरायल की रक्षा ब्रिकी में भारत एक बड़ा कस्टमर है। साल 2020 से 2024 के बीच इजरायल की कुल रक्षा ब्रिकी में भारत की हिस्सेदारी 34 फीसदी रही। इजरायल रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान इजरायल ने भारत को कुल 20.5 अरब डॉलर के हथियार बेचे। भारत और इजरायल के संबंध सिर्फ रक्षा सौदों तक ही नहीं है बल्कि इजरायल की लगभग सभी प्रमुख डिफेंस कंपनियों की सब्सिडियरी भारत में है और यहां स्थानीय उद्योगों के साथ मिलकर काम हो रहा है। भारत की सशस्त्र सेनाएं इजरायल के कई वेपन सिस्टम इस्तेमाल कर रही हैं। भारत का फोकस डायरेक्ट एनर्जी वेपन की तरफ भी बढ़ा है। इसलिए इजरायल के आयरन बीम की इस दौरे पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इजरायल की कंपनी राफेल ने आयरन बीम बनाया है। इस डायरेक्ट एनर्जी वेपन को हाल ही में इजरायल ने अपने आयरन डोम में इंटीग्रेट किया है।




CMYK

## अनियमितता बरतने पर 9 दवा विक्रेता फर्म के विरुद्ध की गई निलंबन की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय द्वारा दवा विक्रेताओं की फर्म के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं एवं फर्म द्वारा प्रस्तुत जवाब के आधार पर दवा 9 दवा विक्रेताओं पर निलम्बन की कार्रवाई की गई है। सहायक औषधि नियंत्रक महेन्द्र जूनवाल ने बताया कि अलवर में मैनगेट 200 फुट रोड बायपास वार्ड नं. 40 स्थित मैसर्स मेवात जिंदल टाउनशिप के विरुद्ध 7 दिवस के निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार गोविन्दगढ़ तहसील में बस स्टैण्ड सैनी मोहल्ला ल्याना स्थित मैसर्स उत्कर्ष मेडिकल स्टोर के विरुद्ध 8 दिवस, कुण्ड बाजार ईदगाह मार्केट गोविन्दगढ स्थित मैसर्स इज्रा मेडिकल स्टोर के विरुद्ध 7 दिवस, थानागाजी में नियर बाय बगीची स्थित मैसर्स महेश मेडिकल्स के विरुद्ध 6 दिवस, बानसूर तहसील में गांव दातली प्हाडी स्थित मैसर्स आर.जी मेडिकल के विरुद्ध 10 दिवस, बायपास रोड बानसूर स्थित मैसर्स श्री कृष्णा मेडिकोज के विरुद्ध 5 दिवस, बानसूर के बिलाली स्थित मैसर्स श्याम मेडिकोज के विरुद्ध 6 दिवस, बानसूर तहसील में बस स्टैण्ड गिरूडी स्थित मैसर्स बालाजी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर के विरुद्ध 10 दिवस, कोटकासिम तहसील के गांव हरसोली स्थित मैसर्स अनामिका मेडिकल स्टोर के विरुद्ध 60 दिवस के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## पंच गौरव के अंतर्गत होली के अवसर पर आयोजित होगा पलाश उत्सव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 2 मार्च को पंच गौरव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में दोपहर 2 बजे से पलाश उत्सव आयोजित होगा। पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव ने बताया कि जिले में पंच गौरव पर्यटक स्थल के रूप में सरिस्का को शामिल किया गया था। सरिस्का के वन्य जीवों और विविधता में जीवों के साथ पेड़-पौधों का भी महत्व है। सरिस्का के पंच गौरव के रूप में प्रचार- प्रसार, पलाश सहित अन्य विशेषताओं को प्रदर्शित करने के लिए होली के अवसर पर पलाश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वन विभाग द्वारा पलाश से निर्मित प्राकृतिक रंगों की स्टॉल, फोटो प्रदर्शनी, लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बृज का प्रसिद्ध मयूर नृत्य और फूलों की होली, कोटा-बूंदी का सहरिया नृत्य, बाड़मेर-जैसलमेर से लंगा- मांगणियार ग्रुप और स्थानीय कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## अग्रशक्ति महिला मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अग्रशक्ति महिला मंडल अलवर ने अलवर रॉयल होटल, नंगली चौराहा में मंगलवार को होली मिलन समारोह परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया। समारोह का संचालन बहुत ही सुचारू रूप से किया गया जिसमे तरह तरह के मनोरंजक गेम खिलाये गए। लजीज खाने के साथ सुंदर-सुंदर गिफ्ट बांटे गये। समारोह में अध्यक्ष सुधा मित्तल, सचिव स्मृता गोयल, अल्का मित्तल, रीता गुप्ता, भावना अग्रवाल, सीमा मित्तल, साधना गुप्ता के साथ शशि गोयल, रेनू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, प्रतिभा सिंघल, रीना सिंघल, आशिमा गोयल, भावना अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रीता गोयल एवं उमा गोयल सहित करीब 75 से अधिक महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर विभिन्न नृत्य संगीत व मनोरंजक प्रस्तुतियों का आनन्द लिया। कार्यक्रम को नयी अध्यक्ष सुधा मित्तल के नेतृत्व में संचालन किया गया एवं फूलों की होली, डांस, गाने के साथ समारोह का समापन किया गया।

## फाल्गुन सुदी सप्तमी मेलाः तिजारा में भव्य शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल तिजारा(निस)।** फाल्गुन सुदी सप्तमी के अवसर पर पंचगौरव कार्यक्रम के तहत तिजारा स्थित जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में कच्छी घोड़ी नृत्य, सहरिया नृत्य, बम रसिया नृत्य, भूपेंग वादन एवं चकरी नृत्य सहित विभिन्न लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियाँ लोक कलाकारों द्वारा दी गईं। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध बहुरूपिया एवं रोबोट कलाकारों ने भी अपनी विशिष्ट कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। सांयकाल 7:30 बजे जैन मंदिर, तिजारा के प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की ख्यातिप्राप्त कालबेलिया नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो एवं भपंग वादक मुसुफ द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी उद्घोषक खेमेन्द्र सिंह चन्द्रावत द्वारा किया गया।

### घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई

# दो दिवसीय अभियान में 67 गैस सिलेंडर जब्त, अवैध रिफिलिंग उपकरण भी पकड़े

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलेक्टर, अलवर के निर्देशानुसार 24 व 25 फरवरी 2026 को घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से कुल 67 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए तथा अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त उपकरण भी कब्जे में लिए गए। 24 फरवरी की कार्रवाई नगली सर्किल के पास स्थित महावीर रबड़ी भंडार से 6 सिलेंडर, बस स्टैंड के सामने हनुमान ढाबे से 4 सिलेंडर तथा महावीर ढाबे से 1 सिलेंडर जब्त किया गया। अलवर बस स्टैंड स्थित राधे रेस्टोरेंट से 4 सिलेंडर, शेखावटी भोजनालय से 3 सिलेंडर तथा गुप्ता रेस्टोरेंट से 4 सिलेंडर घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर जब्त किए



गए। इसके अतिरिक्त भारत टॉकीज के पीछे स्थित दुकान नंबर 13 पर घरेलू गैस सिलेंडरों की वाहनों में अवैध रिफिलिंग करते पाए जाने पर 13 सिलेंडर, एक इलेक्ट्रिक मोटर एवं 4 रेगुलेटर (पाइप फिटेड) विशाल सैन से जब्त किए गए।

### 25 फरवरी की कार्रवाई

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी की जांच में स्टॉक एवं वितरण में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अग्रसेन सर्किल के समीप अवैध गैस रिफिलिंग करते पाए जाने पर दिनेश कुमार से एक गैस रिफिलिंग इलेक्ट्रिक मोटर, 2 रेगुलेटर (पाइप फिटेड) एवं 24 अतिरिक्त रेगुलेटर जब्त किए गए। बडोदामेव क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक दुरुपयोग एवं अवैध संग्रहण पाए जाने पर खंडेलवाल एंटरप्राइजेज के सतीश गुप्ता से 29 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं मेन मार्केट बडोदामेव स्थित श्री कृष्णा चाट भंडार से 3 सिलेंडर जब्त कर बडोदामेव इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी को सुपुर्द किए गए।

### जांच दल में शामिल अधिकारी

कार्रवाई दल में प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, अमित कुमार यादव तथा प्रवर्तन निरीक्षक विजयपाल यादव, अशोक कुमार शर्मा एवं गुलाब सिंह शामिल रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के लिए आगामी दिनों में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राजकीय कार्मिकों से संबंधित प्रकरणों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरण, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) से प्राप्त परिवेदनाओं एवं जन-अभियोगों के त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने जिले में अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया ताकि फरियादियों को बार-बार जिला मुख्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा की स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पिछले माह में निस्तारित कोर्ट केस की संख्या की जानकारी लेकर आगामी माह में निर्धारित नॉर्म्स अनुरूप केस निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सृष्टि जैन सहित जिले के सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

## प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत (2026) की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक

### ''सुलह-समझौते से न्याय'' की अवधारणा पर बल; आरटीओ एवं राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अनंत भंडारी, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के दिशा-निर्देशानुसार एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज एवं सहायक कलक्टर अरविंद कविया ने भाग लिया।

### प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर

बैठक का मुख्य केंद्र वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन रहा। सचिव सोनी ने 'सुलह-समझौते से न्याय' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरटीओ (परिवहन) एवं राजस्व विभाग से संबंधित अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिह्नित कर उन्हें लोक अदालत हेतु रेफर किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को उनके पुराने विवादों से त्वरित, सुलभ और अंतिम राहत प्राप्त हो सकेगी, जिससे न्यायालयों पर लंबित मुकदमों का भार भी कम होगा।

### बेहतर समन्वय हेतु दिए दिशा-निर्देश

सचिव ने आगामी लोक अदालत की पूर्व तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर तालमेल (Coordination) स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही आमजन को न्याय के इस महापर्व का अधिकतम लाभ मिल सकेगा। बैठक के अंत में सभी विभागों को लंबित प्रकरणों की सूची जल्द तैयार करने के निर्देश दिए गए ताकि समय रहते पक्षकारों को नोटिस तामील करवाए जा सकें।

## महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित पहलः रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने लगाया मैमोग्राफी कैंप



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर एवं अलवर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से 25 फरवरी को रोटरी चैरिटेबल ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर में मैमोग्राफी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर की समय रहते जांच कर जागरूकता बढ़ाना रहा। क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष कैंप महिलाओं के लिए समर्पित है तथा 26 फरवरी को भी कैंप जारी है, जिससे अधिकाधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें। 25 फरवरी को आयोजित शिविर में 20 महिलाओं की मैमोग्राफी जांच की गई। मैमोग्राफी के लिए विशेष वैन रोटरी क्लब गुड़गांव द्वारा उपलब्ध कराई गई। गुड़गांव से मोना सिंह के साथ रेडियोग्राफर पूजा एवं मोनिका ने उपस्थित रहकर जांच प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कैंप के कोऑर्डिनेटर रोटेरियन सुनील गुप्ता एवं नरेश गोयल ने बताया कि इस अवसर पर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के अध्यक्ष के.के. खंडेलवाल, असिस्टेंट गवर्नर, संस्थान के सचिव राजेश सिंगल, रोटरी क्लब सचिव ऋषि मित्तल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना, रोटेरियन जिनेंद्र जैन, प्रवीण खंडेलवाल, कंचन खुराना, दीपकमल अरोड़ा, मान्य अरोड़ा, हर्ष गुप्ता एवं अशोक गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता हेतु इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## होली से पहले बड़ी कार्रवाईः 180 किलो सिंथेटिक पनीर जब्त, मौके पर नष्ट



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार होली पर्व को देखते हुए 24 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला खैरथल-तिजारा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 180 किलो मिलावटी एवं सिंथेटिक पनीर जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खैरथल-तिजारा डॉ. अरविंद गेट के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेवात क्षेत्र से मिलावटी एवं सिंथेटिक पनीर सुबह के समय किशनगढ़ और खैरथल क्षेत्र में बिक्री के लिए लाया जाता है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुबह करीब 6:00 बजे किशनगढ़ सर्किल पर नाकाबंदी कर सफेद रंग की ईको कार (नंबर RJ02 B 2804) को रुकवाया। वाहन की जांच करने पर उसमें रखी पांच पेटियों में करीब 180 किलो सिंथेटिक पनीर मिला। मौके पर मौजूद मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन से पनीर की जांच की गई, जिसमें पनीर मिलावटी और सिंथेटिक पाया गया। वाहन चालक ने पूछताछ में बताया कि यह पनीर किशनगढ़ एवं खैरथल कस्बे में ?170 प्रति किलो की दर से बेचा जाता है। विभाग द्वारा पनीर के नमूने लेकर खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला भेजे गए तथा करीब 180 किलो सिंथेटिक, मिलावटी एवं बदबूदार पनीर को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के सदस्य महिपाल सिंह एवं सुभाष यादव भी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भारत विकास परिषद-इंजीनियर्स सोशल स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन की पहल

### बालिकाओं के लिए निःशुल्क 'टैली एवं बिजी' अकाउंट्स कोर्स का शुभारंभ



**अलवर(निसं.)।** बालिकाओं को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए भारत विकास परिषद एवं इंजीनियर्स सोशल स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को भारत विकास परिषद, अलवर के प्रांगण में निःशुल्क अकाउंट्स कोर्स (टैली एवं बिजी सॉफ्टवेयर) का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कोर्स के लिए चयन प्रक्रिया में उन छात्राओं को प्राथमिकता दी गई है, जिन्होंने पूर्व में दोनों संस्थाओं द्वारा संचालित निःशुल्क प्रारंभिक कंप्यूटर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया था। अब इन छात्राओं को प्रोफेशनल अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. के.के. गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र मेहनत और नियमितता है। उन्होंने कहा, 'जो छात्रा मन लगाकर और पूरी निष्ठा से अध्ययन करेगी, उसे रोजगार अवश्य प्राप्त होगा।' उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन का पालन करने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की सलाह दी। इस अवसर पर रामचरण शर्मा, अशोक मेठी, प्रदीप गोयल, अशोक मित्तल, अशोक गुप्ता, कर्नल सुनील दत्त, सुभाष जोशी, महेंद्र गोयल, सतीश मोदी, क्षितिज माथुर, गरिमा गोयल, विक्रम राठौड़, आशीष गोयल और शेर सिंह सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष प्रदीप गोयल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## कुशवाहा प्रदेश आरक्षण संघर्ष समिति ने 12' आरक्षण को लेकर ओबीसी आयोग के साथ की वार्ता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ वार्ता की है। इस वार्ता में कुशवाहा समाज सहित अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए 12' आरक्षण को लेकर चर्चा हुई है। ओबीसी आयोग और कुशवाहा समाज के प्रतिनिधिमंडल के बीच कुशवाहा, शाक्य, माली इत्यादि जातियों के अत्यंत पिछड़े पन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई है। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को 12' आरक्षण सहित 12 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर विधानसभा में मुद्दा उठाने के लिए ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता के लिए सीएमओ अधिकारियों को प्रदेश



कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने 12 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें 12' आरक्षण सहित लवकुश बोर्ड को वित्तीय बोर्ड का दर्जा देने सहित 12 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से संयोजक वासुदेव प्रसाद कुशवाहा, संरक्षक लक्ष्मण सिंह कुशवाहा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा, महाराज सिंह कुशवाहा सांगानेर, चेतराम कुशवाहा सांगानेर, कृष्णा कुशवाहा बसेड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, तोताराम कुशवाहा, रामस्वरूप कुशवाहा, अतरसिंह कुशवाहा,परसुराम कुशवाहा, रूपेंद्र सिंह सहित समाज का 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा। विधायक संजय जाटव बसेड़ी और बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, बयाना विधायक डॉ रितु बनावत सहित कई विधायकों ने कुशवाहा समाज के 12 सूत्रीय मांग पत्र पर फोकस किया।

## होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-ईदगाह (आगरा)-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-ईदगाह(आगरा)-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04733, श्रीगंगानगर-ईदगाह (आगरा) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 4.3.26 से 25.3.26 तक (4 ट्रिप) श्रीगंगानगर से बुधवार को 14.30 बजे रवाना होकर गुरूवार को 5.15 बजे ईदगाह पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04734, ईदगाह(आगरा)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 5.3.26 से 26.3.26 तक (4 ट्रिप) ईदगाह से गुरूवार को 7.30 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 2.30 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अबोहर, मलौत, बठिण्डा, रमन, कालांवाली, सिरसा, भट्टू, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाडी, अलवर, रामगढ, गोविन्दगढ, बृजनगर, डींग, गोवर्धन, मथुरा व अछनेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनोमी, 5 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 पॉवरकार डिब्बो सहित 19 डिब्बे होगे।

## यूजीसी एक्ट के विरोध में आगामी 1 मार्च को दौसा में सर्व समाज का विशाल प्रदर्शन, कल मसाल जुलूस निकाला जाएगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के दोसा शहर में आगामी 1 मार्च को सर्व समाज की ओर से यूजीसी एक्ट के विरोध में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा । यह रैली सहजनाथ महादेव मंदिर से रवाना होकर शहर की विभिन्न रास्तों से होती हुई जिलाधीश कार्यालय पर पहुंचेगी जहां पर सर्व समाज के लोग यूजीसी एक्ट के विरोध में जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे द्य जानकारी के अनुसार कल 27 फरवरी को सर्व समाज की ओर से शांतिपूर्वक मसाल जुलूस का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होंगी। इस बाबत सर्व समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से बुधवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके दोसा में 1 मार्च को विशाल प्रदर्शन करने की बात कही गौरतलब है कि यूजीसी एक्ट को लेकर दोष के सर्व समाज के लोगों में पिछले कुछ दिनों से जबरदस्त आक्रोश छाया हुआ है इससे पहले भी सर्व समाज की ओर से यूजीसी एक्ट के विरोध में धरने प्रदर्शन और रैली का आयोजन हो चुका है । सर्व समाज का कहना है कि इस एक्ट में गंभीर कमियां हैं और समाज के हितों के लिए काफी नुकसानदायक है इसलिए इस एक्ट को लेकर सर्व समाज के विभिन्न जाति के संगठनों की ओर से दौसा जिले में ही नहीं बल्कि जयपुर और प्रदेश के कई अन्य सभी जिलों में नियमित रूप से इस एक्ट को लेकर नाराजगी जाहिर की जा रही है अब दौसा में 1 मार्च को एक विशाल प्रदर्शन आयोजित करके सर्व समाज अपनी नाराजगी को जाहिर करने जा रहा है इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सर्व समाज के लोगों की ओर से पूरे दौसा जिले में लोगों को इस कार्यक्रम में आने के लिए कहा जा रहा है सर्व समाज के लोगों में भी इस प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साह छाया हुआ है अब देखना यह है कि 1 मार्च को दौसा जिलाधीश कार्यालय पर आयोजित होने वाला यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक तरीके से संपादित हो पाएगा या नहीं क्योंकि सर्व समाज के लोगों में यूजीसी एक्ट कानून को लेकर जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## हाई कोर्ट में 1.30 बजे 18 धमाके होंगे... 11.00 बजे तक हाई कोर्ट खाली कर दो.. बम होने की सूचना से हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट में बुधवार को फिर से बम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया काफी देर तक हाई कोर्ट परिसर में जगह-जगह सघन जांच पड़ताल की गई। इसके अलावा हाई कोर्ट परिसर के आसपास के इलाके में भी बारीकी से जांच पड़ताल की गई काफी देर तक जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस को मौके पर कुछ भी सन दुग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बारीकी से जांच पड़ताल की गई काफी देर तक जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस ने हाईकोर्ट परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया इसके बाद फिर से हाई कोर्ट परिसर में कामकाज शुरू हो पाया उल्लेखनीय है कि राजस्थान हाई कोर्ट में जयपुर और जोधपुर बेंच में पिछले कुछ महीनो में अनेकों बार बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से कोर्ट प्रशासन को दी गई और हर बार पुलिस ने मौके पर जाकर सघन तलाशी अभियान को अंजाम दिया लेकिन पुलिस को हर बार मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली लेकिन बड़ी बात यह है कि पिछले कुछ महीनो में ईमेल के माध्यम से जयपुर, जोधपुर अजमेर और कई अन्य जगहों पर बम होने की सूचना बार-बार दी गई अजमेर दरगाह पर अजमेर जिलाधीश कार्यालय में भी बम होने की सूचना दी गई। लेकिन ईमेल के माध्यम से सूचना देने वाले अपराधी को पुलिस अब तक चिन्हित नहीं कर पा रही है। शायद यही वजह है कि ईमेल के माध्यम से इस तरह से फर्जी बम होने की सूचना देने वाले अपराधी के हौसले बुलंद है ऐसा माना जा रहा है कि यह कोई एक विशेष ग्रुप बना हुआ है जो कहीं ना कहीं प्रदेश में अशांति और हड़कंप मचाने की नीयत से इस तरह की सूचनाओं को प्रेषित कर रहे हैं लेकिन जयपुर पुलिस इन अपराधियों को चिन्हित करने में बिल्कुल नकारा साबित हो रही है कहीं ना कहीं इस तरह की मामलों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों को उच्च प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है ताकि ईमेल के माध्यम से इस तरह की सूचना देने वाले अपराधियों को तुरंत पकड़ा जा सके।

## 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर जयपुर में माली, सैनी, कुशवाहा, मौर्य समाज के हजारों लोगों लोगों का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एक तरफ प्रदेश में राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र जारी है तो दूसरी तरफ प्रदेश में आरक्षण की मांग फिर से उठाई गई है यह मांग प्रदेश के माली सैनी कुशवाहा मौर्य समाज की ओर से उठाई गई है। इन्होंने ओबीसी कैटेगरी में खुद के लिए अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग रखी है इसी मांग को लेकर इन सभी समाज के लोगों ने जयपुर में एक विशाल प्रदर्शन कर सभा का आयोजन भी किया है और इन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सरकार उन्हें ओबीसी कैटेगरी में 12 प्रतिशत के आरक्षण का ऐलान नहीं करेगी तब तक जयपुर से नहीं जाएंगे और राजस्थान विधानसभा पर प्रदर्शन भी करेंगे। आरक्षण की मांग कर रहे लोगों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई भी उन्हें अलग से आरक्षण देने की वकालत करते थे उन्होंने कहा कि ओबीसी कैटेगरी में संख्या के अनुपात में उन्हें आरक्षण नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से उनके समाज के युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही है और उनके समाज के लोगों के हितों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमने कई बार सरकार को अवगत करवाया है हमने पहले भी विधानसभा का घेराव किया कई बार प्रदर्शन करने और आंदोलन किया लेकिन सरकार ने हमारी मांग पर गौर नहीं किया उन्होंने कहा कि आरक्षण के अलावा भी हमारी और भी कई अन्य मांग है जिन पर सरकार सकारात्मक कार्रवाई करें जानकारी के अनुसार जयपुर में आरक्षण की मांग को लेकर हुई।

# अजमेर में पत्रकारों से बोले मदन राठौड़- पीएम मोदी के दौरे से प्रदेश के विकास को लगेंगे और पंख

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बुधवार को अजमेर प्रवास के दौरान आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के केंद्र अजमेर दौरे पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा प्रदेश के लिए ऐतिहासिक एवं विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री के आगमन पर कई विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन होंगे तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब भी किसी क्षेत्र में जाते हैं, वहां विकास को नई गति मिलती है। पूर्व में बीकानेर क्षेत्र में भूमि परीक्षण अभियान प्रारंभ कर किसानों को उनकी भूमि की उर्वरक क्षमता जानने की सुविधा दी गई, जिससे उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिली। वे बाड़मेर में रिफाइनरी परियोजना के उद्घाटन के लिए भी आए थे, जिससे पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिली। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जयपुर प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच लंबित जल विवाद का समाधान कर रामजल सेतु परियोजना का शुभारंभ किया गया। राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों ईआरसीपी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कोई ठोस कार्य नहीं किया। केंद्र के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा लगातार बैठकें बुलाए जाने के बावजूद तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिव स्तर तक प्रतिनिधि नहीं भेजा, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने मध्यप्रदेश के साथ सकारात्मक संवाद कर समझौते को अमलीजामा पहनाया। इसी प्रकार हरियाणा और राजस्थान के बीच यमुना जल समझौते के समाधान की दिशा में भी सकारात्मक पहल हुई है। केंद्र, हरियाणा और राजस्थान में भाजपा सरकार होने से ट्रिपल इंजन सरकार के माध्यम से विकास कार्यों को गति मिली है। राठौड़ ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार के नेतृत्व में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर एवं पवन ऊर्जा को बढ़ावा दिया गया है तथा अब किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की स्थिति बन गई है। इतना ही नहीं, निवेशक स्थिर और पारदर्शी सरकार में विश्वास रखते हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में अस्थिरता, बिजली और पानी की कमी के कारण निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ था, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हस्ताक्षरित किए, जिनमें से 8 लाख 33 हजार करोड़ रुपए के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। रोजगार के मामले में भजनलाल सरकार ने एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति दे दी है तथा पांच लाख रोजगार देने के लक्ष्य की दिशा में कार्य तेजी से प्रगति की ओर है। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार ने जो कहा, वह कर दिखाया है। विधानसभा में भी कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष और भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यों पर चर्चा की चुनौती दी गई तो उसे स्वीकार करते हुए चर्चा की, लेकिन विपक्ष इससे बचता हुआ भाग रहा है। राज्य की भजनलाल सरकार ने किसानों के हित में तारबंदी पर सब्सिडी, बिना ब्याज ऋण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, भंडारण सुविधा तथा कृषि उपकरणों पर टैक्स में राहत जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। किसान अब अपनी उपज देश के किसी भी हिस्से में बेहतर मूल्य पर बेच सकते हैं। पहले किसान टमाटर और प्याज सड़कों पर फेंकने को मजबूर होते थे, अब ऐसी स्थिति नहीं है। राठौड़ ने कहा कि सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में भारतमाला परियोजना एवं दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट्स से राजस्थान को विशेष लाभ मिल रहा है। बालोतरा से पाली होते हुए प्रमुख मार्गों से जुड़ने वाला नया मार्ग भी प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक विकास को गति देगा। मजदूरों के हित में मनरेगा में सुधार करते हुए वीबी जी रामजी लाकर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य की गई है ताकि मजदूरों को भुगतान सीधे बैंक खातों में मिले। कार्य दिवस 100 से बढ़ाकर 125 किए गए हैं तथा कृषि कार्यों के लिए अतिरिक्त 60 दिनों का प्रावधान किया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में 25 दिन अतिरिक्त रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे है और प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में निरंतर कार्य जारी रहेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी, कैलाश मेघवाल, मिथिलेश गौतम सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मल्लिकार्जुन खड़के से मिले एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़

### राष्ट्रीय नेतृत्व ने आशीर्वाद और दिशा निर्देश दोनों दिए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के से मुलाकात की मुलाकात के दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जाखड़ को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देशभर में एनएसयूआई और कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में पूरी मेहनत के साथ कार्य करने को कहा बातचीत के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जाखड़ को कांग्रेस पार्टी के नीति नियम विचार सिद्धांत इत्यादि के बारे में स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने के बारे में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही और कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालय में एनएसयूआई अपनी शाखा को मजबूत करने के साथ-साथ सुई से ज्यादा से अपनी शाखा को मजबूत करने के साथ-साथ एनएसयूआई से ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राएं जुड़े और छात्र-छात्राओं को यह बताया जाए की देश में अकेली कांग्रेस पार्टी ही है जो लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए शुरू से अपना सब कुछ न्योछावर कर रही है पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जाखड़ को कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी में एन एस यू आई और युवक कांग्रेससे जुड़े कार्यकर्ताओं की यह ज्यादा जिम्मेदारी हो गई है कि वह नौजवान छात्र-छात्राओं को यह बताएं कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजाद भारत में भारत के नवनिर्माण में भी कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने अग्रणी भूमिका निभाई पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जाखड़ से कहा कि ज्यादा से ज्यादा कॉलेज और विश्वविद्यालय में संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और छात्र-छात्राओं को यह बताया जाए की कांग्रेस पार्टी का कुर्बानी का इतिहास रहा है त्याग और समर्पण का इतिहास रहा है और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश की सुरक्षा सम्मान और विकास के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दी है बातचीत के दौरान जाखड़ ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि उन्होंने उन पर जो भरोसा और विश्वास व्यक्त करके यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे और एनएसयूआई को पूरे देश में एक मजबूत संगठन के रूप में स्थापित करने में अपनी और से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे उन्होंने यह भी कहा कि एनएसयूआई की ओर से बहुत जल्दी ही पूरे देश भर में व्यापक स्तर पर विभिन्न मुद्दों को लेकर तथा युवाओं के हितों की रक्षा छात्र-छात्राओं के हितों की रक्षा छात्र संघ चुनाव और केंद्र की छात्र विरोधी नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा

## सरकार और निजी बस ऑपरेटर में टकराव जारी, निजी बस नहीं चलने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बाधित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** सोमवार की आधी रात से प्रदेश में परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में शुरू की गई निजी बस वालों की हड़ताल बुधवार को भी प्रदेश भर में जारी रही जिसकी वजह से करीब 35000 निजी बसों का संचालन प्रदेश में नहीं हो पाया जिससे लाखों यात्रियों को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इस हड़ताल को समाप्त करने के लिए सरकारी स्तर पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है जिसकी वजह से समझौता वार्ता का भी आयोजन अब तक नहीं हो पाया है इसलिए निजी बस ऑपरेटर में सरकार के इस सख्त रवैया को लेकर काफी नाराजगी छाई हुई है निजी बस ऑपरेटर का कहना है कि सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने अभी तक बातचीत की पहल नहीं की है जो उचित नहीं है हालांकि निजी बस हड़ताल का मामला राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष की ओर से भी जोर-जोर से उठाया जा चुका है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी इस हड़ताल को लेकर सरकार पर हमला बोल चुके हैं और कह चुके हैं कि त्योहारों के इस सीजन में हड़ताल से एक तरफ जहां यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है तो दूसरी तरफ परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से निजी बस ऑपरेटर और इस कारोबार से जुड़े लोगों की आर्थिक हालत भी खराब हो रही है। अगर यह हड़ताल लंबी संपादित होती है तो इससे कई तरह की परेशानियां खड़ी हो सकती है इसलिए सरकार को इस हड़ताल को तुड़वाने के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए लेकिन सोमवार आधी रात से शुरू हुई निजी बस ऑपरेटर की यह हड़ताल बुधवार को भी जारी रही जिसकी वजह से राजधानी जयपुर बीकानेर जोधपुर कोटा उदयपुर सवाई माधोपुर दोसा झालावाड़ कोटा बूंदी शुरू सीकर झुंझुनू जैसलमेर बीकानेर बाड़मेर उदयपुर चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा राजसमंद पाली प्रतापगढ़ भरतपुर अलवर करौली सवाई माधोपुर धौलपुर सभी छोटे-बड़े शहरों में भी इस हड़ताल का असर साफ देखने को मिल रहा है । इस हड़ताल की वजह से रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ में जबरदस्त तरीके से इजाफा हो रहा है तो दूसरी तरफ प्रदेश के छोटे बड़े सभी रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या में पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है इधर निजी बस ऑपरेटर संगठन ने साफ कह दिया है कि अगर सरकार ने उनकी डिमांड पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अजमेर दौरे के लिए निजी बस उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए और सभा में बड़ी संख्या में लोगों को लाने के लिए वाहनों की आवश्यकता होगी तो दूसरी तरफ निजी बस वालों ने जिस तरह से इस जनसभा के लिए अपनी बस नहीं देने के लिए साफ इनकार कर दिया है तो जाहिर तौर पर सभा में टारगेट के मुताबिक भीड़ एकत्रित करने में भी हो सकता है भाजपा को काफी मुश्किल का सामना करना पड़े क्या हुआ अब देखना यह है कि सरकार और निजी बस वालों के बीच समझौता बातचीत होगी या नहीं फिलहाल निजी बस वालों ने भी साफ कह दिया है कि जब तक प्रदेश सरकार उनकी मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं करेगी तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी

## एसीबी ने पटवारी को 50000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा, म्यूटेशन खोलने के बदले मांगी थी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने बुधवार को प्रदेश के धौलपुर जिले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी पटवारी को 50000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम गिरफ्तार पटवारी वीरेंद्र के विभिन्न ठिकानों पर तलाशी अभियान को अंजाम दे रही है। एसीपी की टीम इस बात तलाशी अभियान को अंजाम दे रही है एसीपी की टीम इस तलाशी अभियान को अंजाम दे रही है। एसीबी की टीम इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि पटवारी से बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं हैभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त वीरेंद्र है जो बसई समता ग्राम पंचायत में पटवारी है जिसने परिवादी से म्यूटेशन खोलने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी के अधिकारियों ने आरोपी पटवारी वीरेंद्र को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी पटवारी वीरेंद्र को रिश्वत के 50000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ वीरेंद्र को मौके पर ही पकड़ लिया इस मामले की जांच कर रहे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं गिरफ्तार पटवारी वीरेंद्र भ्रष्टाचार को जोरदार तरीके से बढ़ावा दे रहा था इसलिए पटवारी वीरेंद्र ने हाल ही में जिन-जिन फाइलों का निस्तारण किया है जिन-जिन आवेदनों का उसने निस्तारण किया है उन सब की भी जांच की जा रही है ।

## देवनानी ने भरतपुर सड़क हादसे में मृतक के परिजन को दी आर्थिक सहायता

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने वैवेकिक अनुदान कोष से भरतपुर निवासी महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि आगरा -जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 पर 10 फरवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में युवा लोकेश व मुकेश की मृत्यु हो गई। देवनानी ने दिवंगत युवाओं के गमगीन पिता महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की है। देवनानी ने दिवंगत लोकेश एवं मुकेश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने दो पुत्रों को खोने वाले पिता महादेव को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। देवनानी ने घायल अंजलि के शीघ्र स्वास्थय लाभ की कामना की है। देवनानी ने दिवंगतों की आत्म शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। देवनानी ने बताया कि महादेव को संबंधित जिलाधीश कार्यालय अन्य सरकारी सहायता दिलाने के प्रयास किए जा रहे है।

## जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा अग्नि परीक्षा में सफल हो पाएंगे ?

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति में अपना कार्यभार संभाल लिया है लेकिन अब यह आने वाला समय बताया कि इस नई जिम्मेदारी को वे कितनी खूबसूरती के साथ संभाल पाते हैं फिलहाल सुनील शर्मा के लिए स्थितियां काफी कठिन और विपरीत है लेकिन यह भी सही है कि सुनील शर्मा जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के काफी अनुशासित, सरल सौम्य और शिक्षित नेता माने जाते हैं और इनकी मजबूत पारिवारिक कांग्रेस पृष्ठभूमि भी कहीं ना कहीं उनके कार्य को और आसान बन सकती है। हालांकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और जयपुर शहर में विभिन्न विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की तुलना में कांग्रेस पार्टी के विधायकों की संख्या कम है जबकि 2018 के विधानसभा चुनाव में जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा था लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन भाजपा की तुलना में कमजोर रहा। इसलिए एक तरफ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो दूसरी तरफ जयपुर शहर में मौजूदा विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायक भी कम है ऐसे में सुनील शर्मा के लिए जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने में काफी मेहनत और पसीना बहाना पड़ सकता है । जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के बीच आपस में मनमुटाव का सिलसिला पिछले कई सालों से लगातार देखने को मिल रहा है हालांकि पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास जब जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने थे उस समय जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता एक मंच पर जरूर नजर आए प्रताप सिंह की अगुवाई में जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी की ओर से जब भी कोई प्रदर्शन और कार्यक्रम आयोजित किया गया उस कार्यक्रम में जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई उसी का नतीजा यह रहा की 2018 के विधानसभा चुनाव में जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी को विभिन्न विधानसभा सीटों पर अच्छी सफलता भी मिली लेकिन अब एक बार फिर से जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के हालात पहले जैसे ही हो गए हैं। जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद को लेकर कई नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी बड़े-बड़े नेताओं की दावेदारी की वजह से ही जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के चयन में पार्टी के दिल्ली दरबार को भी काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा और कई दिनों बाद जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के नए अध्यक्ष का ऐलान हो पाया इसलिए अगर यह कहे कि सुनील शर्मा के अध्यक्ष बन जाने के बाद जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं के दिल आपस में मिल गए हैं ठीक नहीं होगा क्योंकि जिन नेताओं ने दावेदारी की थी उन नेताओं के दिलों में कहीं ना कहीं खटास जरूर है फिर भी सुनील शर्मा एक योग्य और अनुशासित कांग्रेस पार्टी के नेता माने जाते हैं इसलिए अपने व्यवहार आचरण और भाषण शैली से इन नेताओं का अगर विश्वास हासिल करने में सफल हो जाते हैं तो फिर निश्चित रूप से जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने में उन्हें काफी आसानी रहेगी । गौरतलब है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन के बाद में जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी की ओर से अब तक जितने भी प्रदर्शन और कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किए गए उनमें ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिला इसका सीधा सा कारण यही है कि जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं में आपस में जोरदार टकराव की स्थिति बनी हुई है जिसमें कई पूर्व और वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद पूर्व मंत्री भी शामिल हैं इसलिए सुनील शर्मा के सामने सबसे बड़ी चुनौति जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं को एक मंच पर लाने की है और अगर इस कार्य में सुनील शर्मा सक्सेस हो जाते हैं तो फिर निश्चित रूप से जिस तरह से प्रताप सिंह खतरे वास के नेतृत्व में जयपुर प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में जयपुर शहर में होने वाले पार्टी के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आया करते थे और जयपुर शहर में एक अच्छा माहौल कांग्रेस का नजर आने लगा था वैसा ही माहौल बनाने में सुनील शर्मा भी कामयाब हो सकते हैं लेकिन इसके लिए सभी बड़े नेताओं को उन्हें एक मंच पर लाना ही होगा ।

## सम्पादकीय

### ड्रैगन के एकाधिकार को चुनौती और ग्लोबल साउथ का सुनहरा उदय



मौजूदा दौर में दुनिया भर में भू-राजनीति के स्वरूप में जिस तेजी से उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं, उसमें सभी देशों के सामने अपने भविष्य और विकास की राह सुरक्षित करने की चुनौती दिख रही है। खासतौर पर जिन कारकों पर आने वाले वर्षों में विकास की दिशा निर्भर करेगी, उसके मद्देनजर अलग-अलग देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय तैयार हो रहे हैं, विकल्प की राह खोजी जा रही है। भारत और ब्राजील के बीच हुए समझौते को इसी की एक कड़ी के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें मुख्य रूप से उन बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसमें सहयोग के क्षेत्र में विकल्प के नए रास्ते तैयार हों। आज दुनिया भर में यह चिंता सतह पर देखी जा रही है कि आने वाले वर्षों में विकास का आधार बनने वाले अहम कारकों को लेकर कैसे एक नई आपूर्ति शृंखला बनाई जाए। भारत-ब्राजील के बीच हुआ समझौता इसी संदर्भ में महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि इसके जरिए दोनों को अन्य मजबूत देशों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इस समझौते में अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बीस अरब डालर से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे एक मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते में सबसे अहम सहमति दुर्लभ खनिजों और भू-धातुओं को लेकर बनी है, जो आने वाले वर्षों में समूची दुनिया में विकास के सबसे अहम कारक बनने वाले हैं। इससे तकनीक के क्षेत्र में आदान-प्रदान, नई संभावनाओं की खोज, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह जगजाहिर तथ्य है कि आज लीथियम और कोबाल्ट जैसे अन्य दुर्लभ खनिज तथा भू-धातु विकास के संचालक तत्त्व बन रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जिस तरह इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा क्षेत्र, आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण और रोबोटिक्स उत्पादन के क्षेत्र में सभी देश अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं और इस संबंध में ज्यादा बेहतर अवसरों की तलाश में हैं। ऐसे में दुर्लभ खनिजों की मांग में काफी तेजी आने की उम्मीद है। फिलहाल वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण के सबसे बड़े हिस्से पर चीन का नियंत्रण है। भारत-ब्राजील के बीच हुए समझौते का एक मुख्य उद्देश्य आधुनिक उद्योग और तकनीक के लिए आवश्यक सामग्री की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है और साथ ही इस क्षेत्र के प्रमुख आपूर्तिकर्ता और खासतौर पर चीन पर निर्भरता को कम करना है। भारत के लिए यह समझौता इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि ब्राजील को चीन के बाद दुर्लभ खनिजों से समृद्ध दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश माना जाता है। ब्राजील के साथ नए करार के बाद भारत को इन खनिजों को सीधे हासिल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को लेकर एक सहमति बनी है। इसका असर छोटे कारोबारियों पर भी पड़ेगा और उन्हें नई तकनीकों के साथ-साथ ब्राजील के बाजार और उसकी नीतियों के अनुकूल अपना रुख तय करने का मौका मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल क्षेत्र में विकास के अन्य अहम बिंदुओं पर भी सहयोग के नए आयाम खुले हैं। दोनों देशों के बीच साझेदारी ऐसे समय में सामने आई है, जब अमेरिका व्यापार समझौते में भारत के सामने अपने फायदे में शर्तें सामने रख रहा है। हालांकि यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अगर कोई विकसित देश अपने हित में विकासशील देशों पर दबाव को औजार बनाता है, तो आज एक बेहतर कूटनीति विकल्प की राह तैयार कर सकती है।



## कहानी

### ताडका वध

महर्षि विश्वामित्र विश्व कल्याण के लिए यज्ञ किया करते थे । उस काल में वन में बहुत से राक्षस रहते थे, जो ऋषि-मुनियों के यज्ञों में बाधा डालते थे । उनके इस कष्ट के कारण महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ की अयोध्या नगरी में पहुंचे तथा राक्षसों के वध के लिए उन्होंने प्रभु श्रीराम को साथ भेजने की विनती की । प्रभु श्रीराम के साथ लक्ष्मण भी महर्षि के साथ चल पडे । एक दिन गुरु विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण के साथ नदी के तट पर पहुंचे । वन मे रहनेवाले एक मुनि ने दी हुई एक छोटी सी नौका में नदी पार कर गए । नदी के उस पार एक भयानक वन था । उस वन को देखकर श्रीराम बोले, "गुरुदेव ! इस भयंकर वन के सभी ओर से सिंह, व्याघ्र जैसे हिंसक पशुओं के दहाडने की, हाथियों के चिंघाडने की आवाज आ रही है । घनदाट वृक्षों के कारण सूर्य का प्रकाश भी वन के भीतर नहीं आ रहा है ।" गुरु विश्वामित्र ने कहा, "हे राघव ! पुराने काल में इस स्थान में मलदा और करुप नाम के दो बडे समृद्ध राज्य हुआ करते थे । दोनों ही राज्य धन, धान्य और समृद्धि से परिपूर्ण थे । दूर-दूर के व्यापारी यहां पर व्यापार करने आते थे; परन्तु ताडका नाम की एक यक्षकन्या ने उन दोनों राज्यों का विनाश कर दिया । ताडका कोई साधारण स्त्री नहीं है । वह सुन्द नाम के राक्षस की पत्नी और मारीच नाम के राक्षस की माता है । उसके शरीर में हजार हाथियों के बराबर बल है और वह अत्यन्त पराक्रमी है । ताडका ने अपने पुत्र मारीच के साथ मिलकर यहां के सभी निवासियों को मार कर खा लिया । उनके भय से अब यहां दूर तक कोई मनुष्य दिखाई नहीं देता । भूल से यदि कोई आए तो वह जीवित नहीं लौट पाता । उसी ताडका का संहार करने के लिये मैं तुम्हें यहां लाया हूं ।" श्रीराम ने आश्चर्य से पूछा, "गुरुदेव ! स्त्री होकर भी ताडका में हजार हाथियों का बल कैसे आ गया  इसका क्या रहस्य है " गुरु विश्वामित्र बोले, "वत्स ! सुकेतु नाम के एक यक्ष ने संतान प्राप्ती के लिए ब्रह्मा जी की कठोर तपस्या की । उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने सुकेतु को वर दिया, जिससे ताडका का जन्म हुआ । सुकेतु ने ब्रह्माजी से ताडका अत्यंत बलशाली हो ऐसे भी वर मांगा था । उसपर ब्रह्माजी ने ताडका के शरीर में हजार हाथियों का बल दे दिया । शक्तिशाली ताडका बडी होने पर सुकेतु ने उसका विवाह सुन्द नामक राक्षस से कर दिया । ताडका ने मारीच को जन्म दिया । मारीच भी अपनी माता के समान बलवान और पराक्रमी है । बालक था तभी से वह बहुत उपद्रवी था, ऋषि मुनियों को अकारण कष्ट दिया करता था । इसलिए अगस्त्य ऋषि ने उसे राक्षस बन जाने का शाप दे दिया । अगस्त्य ऋषि ने मारिच को शाप देने पर सुन्द अत्यन्त क्रोधित हो गया । वह अगस्त्य ऋषि को मारने दौडा । तब अगस्त्य ऋषि ने सुन्द को शाप देकर तत्काल भस्म कर दिया । ताडका ने पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए अगस्त्य ऋषि पर आक्रमण किया । तब अगस्त्य ऋषि ने शाप देकर ताडका का सौन्दर्य नष्ट कर उसे अत्यंत कुरूप बना दिया । ताडका ने स्वयं के कुरुप बनने का और पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए अगस्त्य मुनि के आश्रम को नष्ट करने का प्रण लिया है । अब मैं तुम्हें आज्ञा देता हूं कि तुम ताडका का वध करो । केवल तुम ही इसका वध कर सकते हो । यह ना सोचो कि मैं स्त्री का वध कैसे करूं  वह पापी है और पाप को नष्ट करने में कोई पाप नहीं होता । संशय को त्याग कर मेरी आज्ञा से तुम इस पापिनी का संहार कर दो ।" गुरुदेव की आज्ञा से श्रीराम ने अपने धनुष पर बाण रखा और धनुष की प्रत्यंचा को कान तक खींच कर भयंकर टंकार किया ।

## नकली-घटिया सामग्री का बढ़ता बाजार



होली निकट आते ही देश भर से ऐसे समाचार आने का सिलसिला कायम हो गया है कि नकली खोया, पनीर या फिर मिलावटी मिठाइयां बरामद। बीते सप्ताह आगरा की एक खबर के अनुसार राजस्थान से लाया गया 1,320 किलो मिलावटी खोया बरामद किया गया। कानपुर से आई एक खबर यह कहती है कि होली और रमजान के पहले 50 लाख रुपये मूल्य के दस हजार किलो पुराने और खराब हो चुके खजूर के पैकेटों पर नए लेबल चिपकाकर उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी थी।

इसी दिन की एक अन्य खबर के मुताबिक कानपुर में ही छह सौ किलो मिलावटी खोया पकड़ा गया। इसके अलावा लगभग दो लाख रुपये से अधिक मूल्य की कटी हुई सुपारी भी जब्त की गई, जिसे मिलावटी पाए जाने पर नष्ट किया गया। बीते दिनों लखनऊ से आई खबर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसमें करीब 13 क्विंटल सड़े-गले और मानव उपयोग के लिए असुरक्षित खजूर नष्ट कराए गए। इसी अभियान के तहत दो हजार किलो हल्दी, 20 हजार किलो सुपारी जब्त की गई, क्योंकि उसके खराब होने का संदेह था। सहारनपुर की एक खबर के अनुसार खाद्य विभाग ने रामपुर मनिहारान कस्बे में करीब साढ़े छह क्विंटल मिलावटी पनीर बरामद किया।

गत दिनों ही भीलवाड़ा में एक कोल्ड स्टोरेज से बड़ी मात्रा में संदिग्ध मिलावटी मसाले जब्त किए गए। इनमें 23 सौ किलो लाल मिर्च पाउडर और 17 सौ किलो साबुत धनिया को मिलावटी होने के संदेह में जब्त किया गया। इसी माह गुजरात के साबरकांठा में डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया आदि का इस्तेमाल करके नकली दूध और छाछ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। यह फैक्ट्री पिछले पांच सालों से चल रही थी। बीते दिनों आंध्र के एक कस्बे में मिलावटी-जहरीला दूध पीने से पांच लोगों की मौत हो गई।

यदि बीते 15-20 दिनों की ही देश भर से आई ऐसी खबरों का संज्ञान लिया जाए तो उनका उल्लेख करने के लिए यह पूरा पेज या फिर समाचार पत्र भी कम पड़ सकता है। इन खबरों के आधार पर ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि केवल त्योहारों पर ही नकली अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थ बनने और बिकने लगते हैं। वास्तव में यह काम वर्ष भर बेरोक-टोक चलता है। कसी को इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचना चाहिए कि जिन विभागों पर मिलावटी, नकली, घटिया खाद्य सामग्री पर निगाह रखने और उन्हें बनाने एवं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है, वे मिलावटखोरों के खिलाफ सदा सतर्क रहते हैं। सच यह है कि ऐसे विभाग केवल त्योहारों के समय ही सतर्क और सक्रिय दिखते हैं। यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि उनकी सतर्कता-सक्रियता उस मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री का एक हिस्सा ही पकड़ पाती है, जो बाजार में बिकने के लिए आ जाती है।

कल्पना करें कि अपने देश में कितने लोग टनों मिलावटी, नकली और सेहत के लिए हानिकारक खाद्य सामग्री उपभोग करने और ऐसा करके बीमार होने के लिए अभिशप्त हैं? मिलावटी एवं नकली खाद्य सामग्री के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों के दौरान ऐसी सूचना तो आती है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री के सैंपल परीक्षण के लिए भेजे गए, पर ऐसी खबर मुश्किल से ही आती है कि इन सैंपल के परिणाम क्या रहे?

यदि कभी ऐसी खबर आ भी जाती है तो यह पता चलना कठिन होता है कि मिलावटी या फिर नकली खाद्य सामग्री बनाने-बेचने वालों को सजा क्या मिली? ऐसी खबर मुश्किल से इसलिए आती है, क्योंकि ऐसे लोगों को सजा मिलने के मामले बहुत ही दुर्लभ हैं। केवल इससे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं कि अपने देश में नकली, मिलावटी या फिर घटिया किस्म की खाद्य सामग्री बनती और बिकती रहती है। चिंता की बात यह भी है कि दवाओं के मामले में भी यही स्थिति है। रह-रहकर ऐसी खबरें आती हैं कि अमुक-अमुक दवाओं के सैंपल फेल।

गत दिवस की एक खबर यह कहती है कि देश भर में निर्मित 215 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ओर से जारी ड्रग अलर्ट के अनुसार इनमें से 71 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से एलर्जी, अस्थमा, दर्द-बुखार की हैं। इसके अलावा कुछ एंटीबायोटिक्स और 16 कफ कोल्ड सीरप भी हैं। ऐसे ड्रग अलर्ट नए नहीं हैं और न ही वे यदाकदा जारी होते हैं। वे जारी ही होते रहते हैं, लेकिन नीति-नियंताओं का दोयम दर्जे की खाद्य वस्तुओं और दवाओं की ओर ध्यान तब जाता है, जब लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है।


*गत दिनों ही भीलवाड़ा में एक कोल्ड स्टोरेज से बड़ी मात्रा में संदिग्ध मिलावटी मसाले जब्त किए गए। इनमें 23 सौ किलो लाल मिर्च पाउडर और 17 सौ किलो साबुत धनिया को मिलावटी होने के संदेह में जब्त किया गया। इसी माह गुजरात के साबरकांठा में डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया आदि का इस्तेमाल करके नकली दूध और छाछ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। यह फैक्ट्री पिछले पांच सालों से चल रही थी। बीते दिनों आंध्र के एक कस्बे में मिलावटी-जहरीला दूध पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। यदि बीते 15-20 दिनों की ही देश भर से आई ऐसी खबरों का संज्ञान लिया जाए तो उनका उल्लेख करने के लिए यह पूरा पेज या फिर समाचार पत्र भी कम पड़ सकता है। इन खबरों के आधार पर ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि केवल त्योहारों पर ही नकली अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थ बनने और बिकने लगते हैं। वास्तव में यह काम वर्ष भर बेरोक-टोक चलता है। कसी को इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचना चाहिए कि जिन विभागों पर मिलावटी, नकली, घटिया खाद्य सामग्री पर निगाह रखने और उन्हें बनाने एवं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है, वे मिलावटखोरों के खिलाफ सदा सतर्क रहते हैं। सच यह है कि ऐसे विभाग केवल त्योहारों के समय ही सतर्क और सक्रिय दिखते हैं। यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि उनकी सतर्कता-सक्रियता उस मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री का एक हिस्सा ही पकड़ पाती है, जो बाजार में बिकने के लिए आ जाती है।*

## एआई को समावेशी बनाता भारत

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट मात्र एक शिखर सम्मेलन न होकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर वैश्विक विमर्श को दिशा देने वाला अहम पड़ाव बना। यह सम्मेलन एआई के मोर्चे पर आकार ले रहे भौगोलिक, राजनीतिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों को प्रदर्शित करने के मंच के रूप में भी उभरा।

हाल के दौर में एआई सम्मेलनों के केंद्र में सुरक्षा, अस्तित्व संबंधी जोखिम और नियमन की चिंता जैसे मुद्दे ही छाए रहे। ब्रिटेन में आयोजित ऐसे पहले प्रमुख सम्मेलन को जहां एआई सुरक्षा समिट का नाम दिया गया तो नई दिल्ली में इसके नामकरण में प्रभाव शब्द का समावेश हुआ। यह भी भारत की बड़ी उपलब्धि रही, क्योंकि प्रभाव का अर्थ बहुत व्यापक है। यानी यह तकनीक कैसे अपनी उपयोगिता से प्रभावित कर सकती है और इस तक सबकी समावेशी पहुंच कैसे सुनिश्चित हो।

कई दिग्गज संस्थाओं के सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि भारत और चीन जैसे देशों में एआई के प्रति 88 प्रतिशत तक की सकारात्मक भावना है। इसके उलट पश्चिमी यूरोप और अमेरिका के कुछ हिस्सों में इसे लेकर सतर्कता एवं संदेह का भाव दिखता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एआई ने कुछ स्थापित पारंपरिक पेशों के लिए खतरे की घंटी बजाई है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसे अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यथार्थ ही कहा है कि कुछ पक्ष एआई में डर देखते हैं तो भारत इसमें अपना भविष्य देखता है। एआई से जुड़ी भारत की उम्मीदें उसके अनुभवों से ही उपजी हैं। जैसे आधार और यूपीआइ जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने भुगतान, पहचान सत्यापन और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में तमाम बाधाओं को दूर करते हुए दैनिक जीवन को बहुत सुगम बनाया है। यह इसका जीवंत प्रमाण है कि कोई तकनीक कैसे लागत को घटाकर सक्षमता को बढ़ा सकती है।




स्वाभाविक है कि भारत अपनी इस सफलता को अगले स्तर पर ले जाना चाहता है। इसी क्रम में उसने एआई समिट में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में समावेशन को बढ़ाने के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की एआई के साथ जुगलबंदी का खाका पेश किया। पिछले एआई सम्मेलनों में विमर्श का केंद्रबिंदु सुरक्षा संबंधी प्राथमिकताएं रहीं, जबकि नई दिल्ली घोषणापत्र मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, सस्ती कनेक्टिविटी और कार्यबल प्रशिक्षण पर जोर देता है। इसमें यह स्वीकार्यता प्रदान की गई है कि सार्थक एआई भागीदारी के लिए कंप्यूटिंग शक्ति, इंटरनेट पहुंच और कुशल लोगों की आवश्यकता होती है। यह उचित स्थानों पर ओपन-सोर्स एआई का समर्थन भी करता है। इसके पीछे यही सोच रहा कि कई देश अपने तंत्र को शून्य से खड़ा करने की स्थिति में नहीं तो उनके लिए कुछ गुंजाइश तो मिलनी ही चाहिए। निःसंदेह एआई से जुड़े अपने जोखिम भी हैं, पर भारत ने अपने दृष्टिकोण में उसकी व्यावहारिक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किया है। सहभागिता एवं स्वीकार्यता की दृष्टि से भी सम्मेलन सफल रहा। विभाजित भू-राजनीतिक माहौल में भी नई दिल्ली घोषणापत्र पर 80 से अधिक देशों एवं वैश्विक संगठनों के हस्ताक्षर इसकी सफलता को रेखांकित करते हैं। यह सही है कि जिन घोषणाओं पर सहमति बनी, वे बाध्यकारी नहीं हैं, किंतु याद रहे कि किसी भी व्यवस्था के आकार लेने में उस पर सहमति बनना आवश्यक होता है। उसके बाद ही कानूनी ढांचा आकार लेता है। आर्थिक पहलुओं पर भी प्रगति देखने को मिली है। इसमें 400 अरब डालर से अधिक की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई हैं। इनमें 250 अरब डॉलर का निवेश बुनियादी ढांचा संबंधी आवश्यकताओं तो 150 अरब डॉलर गहन तकनीकी पूंजी से जुड़ा होगा। एआई कंप्यूटिंग क्षमता, डाटा केंद्रों, सेमीकंडक्टर्स और पावर सिस्टम की आवश्यकता किसी से छिपी नहीं है।

*कई दिग्गज संस्थाओं के सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि भारत और चीन जैसे देशों में एआई के प्रति 88 प्रतिशत तक की सकारात्मक भावना है। इसके उलट पश्चिमी यूरोप और अमेरिका के कुछ हिस्सों में इसे लेकर सतर्कता एवं संदेह का भाव दिखता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एआई ने कुछ स्थापित पारंपरिक पेशों के लिए खतरे की घंटी बजाई है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसे अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यथार्थ ही कहा है कि कुछ पक्ष एआई में डर देखते हैं तो भारत इसमें अपना भविष्य देखता है। एआई से जुड़ी भारत की उम्मीदें उसके अनुभवों से ही उपजी हैं। जैसे आधार और यूपीआइ जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने भुगतान, पहचान सत्यापन और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में तमाम बाधाओं को दूर करते हुए दैनिक जीवन को*

## अवैध कब्जे का निस्तारण

लंबे समय से विवाद और तनाव के केंद्र में रहे उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे और साथ ही राज्य सरकार की जमीन पर अवैध तरीके से बसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने वहां से हटाने का फैसला करके वही किया, जो न्यायसंगत था। यदि यह मांग मान ली जाती कि अतिक्रमण करके बसे लोगों को वहीं रहने दिया जाए तो इससे न केवल करीब 30 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा वैध हो जाता, बल्कि रेलवे के विस्तार की महत्वाकांक्षी परियोजना पर ग्रहण भी लगता। सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि अवैध तरीके से बसे लोग यह तय नहीं कर सकते कि रेलवे रेल लाइन विस्तार के लिए अन्य विकल्प चुने, लेकिन इसी के



साथ उसने इस जमीन से बेदखल होने वालों के प्रति जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, उसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगभग पांच हजार परिवारों के जो हजारों लोग रेलवे और उसके पास की राज्य सरकार की जमीनों पर रह रहे हैं, उनमें से पात्र लोगों को पीएम आवास योजना के तहत आवास दिए जाएं। इस फैसले पर केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने पात्र परिवारों को विस्थापन के बाद छह महीने तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता देने का भी वादा किया। पहली नजर में यह लग सकता है कि एक तरह से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को पुरस्कृत किया जा रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस कब्जे को लेकर न तो रेलवे समय रहते चेता और न ही उत्तराखंड सरकार। यह एक तथ्य है कि आम तौर पर सरकारी विभाग अपनी जमीनों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जे को लेकर उदासीन बने रहते हैं और फिर यकायक अपनी जमीन खाली कराने की सुध लेते हैं। इससे वहां रह रहे लोगों के सामने संकट खड़ा हो जाता है। उनके रहने का ठिकाना छिनने के साथ ही उनकी रोजी-रोटी भी प्रभावित होती है। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले को नजीर न माना जाए और उसने जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, वह मदद ज्यादा और अधिकार कम है। देश में हजारों एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हैं। इसके लिए कब्जा करने वालों के साथ वे विभाग भी जिम्मेदार हैं, जो अपनी जमीनों पर कब्जे के समय आंखें मूंदे रहते हैं। यदि सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराना है तो वहां दशकों से रह रहे लोगों के पुनर्वास के बारे में कोई ठोस नीति बनानी होगी।

## हाथनोदा आंवला मंडी का मामला पहुँचा सदन तक

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** विधायक मनीष यादव ने इस संबंध में सदन में तारांकित प्रश्न लगाकर सरकार से जवाब मांगा। विधायक यादव ने बताया कि वर्ष 2008-09 में लगभग 209.64 लाख रुपये की लागत से हाथनोदा में आंवला विशिष्ट मंडी का निर्माण कराया गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण आज तक इसका नियमित संचालन शुरू नहीं हो सका। विधायक ने कहा कि जयपुर जिले सहित चौमूं, शाहपुरा और आमेर क्षेत्र में आंवले की पैदावार बड़ी मात्रा में होती है। यहां उत्पादित आंवले की



मांग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, हरिद्वार के साथ-साथ फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी और इंग्लैंड जैसे देशों तक रहती है। विधायक ने कहा कि हाथनोदा स्थित यह मंडी जिले की एकमात्र विशिष्ट आंवला मंडी है। सरकार ने आंवले को जिले में 'पंच गौरव' योजना में भी शामिल किया है, इसके बावजूद मंडी का संचालन शुरू नहीं होना गंभीर विषय है। इसके कारण किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और उन्हें अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है। गौरतलब है कि एक ओर सरकार 'एक जिला एक उत्पाद' योजना और 'पंच गौरव' योजना के तहत ज़िले में आंवले का उत्पादन बढ़ाने की बात करती है जबकि दूसरी ओर जिले की एकमात्रा आंवला मंडी का सवा 2 साल से संचालन तक नहीं कर पाई। आख़िर जयपुर के पंच गौरव आंवले का कैसे मिलेगी पहचान तथा कैसे बढ़ेगा उत्पादन। इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए आगामी छह माह में मंडी में व्यापार प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया है।

## शेरसिंह का एबीसी मॉनिटरिंग टीम में चयन, सर्वसमाज ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत का नगर निगम जयपुर के एबीसी मॉनिटरिंग टीम में जिला पशुक्रूरता निवारण समिति के प्रतिनिधि के रूप में चयन होने पर ग्रामीणों ने गोविंदगढ़ दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल ने बताया कि लगातार 16 वर्षों से गायों की सेवा और संरक्षण के प्रतिफल के रूप में व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने के साथ-साथ गांव का भी नाम रोशन किया है। इस दौरान गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने कहा की सेवा का जज्बा बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद और परिवार से मिले संस्कारों की देन है जो निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर सर्वब्राह्मण महासभा अध्यक्ष महेश बोहरा, सुरेश जयप्रकाश सरगोठिया, सुरेश अग्रवाल, रामावतार राजोरिया, कैलाश बागवान, बसंत धीजपुरिया, मथुरा प्रसाद बोहरा, भगवान सहाय यादव, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत, कपिल कुमावत, फूलचंद भूरोदिया, रतन बुनकर, शिम्भूदयाल बालोदिया, राजेश सेन, दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पुजारी विजय शर्मा, तुलसीराम डेनवाल सहित कई ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर हर्ष जताया।

## खाटूश्याम पदयात्रियों को फ्री न्यूरोथेरेपी उपचार का लाभ




जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** श्री श्याम सत्संग मंडल मुंबई व विश्वकर्मा न्यूरो थेरेपी फाउंडेशन की ओर से 24 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक न्यूरोथेरेपी का नि:शुल्क का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खाटू श्याम पदयात्रियों को फ्री न्यूरोथेरेपी उपचार का लाभ मिल रहा है। इसमें मुंबई के डॉ. राकेश विश्वकर्मा, संगीता विश्वकर्मा, स्नेहा वाघ, कल्याण सिंह गुर्जर चौमूं (जयपुर), मनोज बागोरिया (जयपुर) अपनी फ्री सेवाएं दे रहे हैं। हर साल यहां चार से पांच दिन का फ्री न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन होता है। जिसमें हजारों की तादाद में भक्तजन् लाभ उठाते हैं।

## महाशिवरात्रि को लेकर निकाली रैली



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड राजाखेड़ा में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में फतेहाबाद में निकाली गई रेली। शिवाजी नगर से प्रारंभ बस स्टैंड अंबेडकर चौक गांधी चौक बाईपास से सदर बाजार होते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी ए विश्वविद्यालय कालीनगर में रैली का समापन हुआ। इस दौरान आगरा जोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीला बहन ने कहा कि हम शिवरात्रि पर आक, बेर, धतूरा, आदि चढ़ाते हैं पर परमात्मा कहते हैं कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को शिव जी पर अर्पित करना चाहिए जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार। आगरा जौन प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीला बहनजी, बीके सीमा बहन, बीके रंजना बहन, बीके कमलेश बहन, बीके राधा बहन, बीके मनोरमा बहन, बीके अपर्णा बहन, बीके सपना बहन, बीके काजल बहन, बीके फतेसिंह भाई, बीके सीताराम भाई, बीके राजेंद्र आदि ने भाग लिया।

### जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक

## कलेक्टर ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था और विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ 18 सूत्रीय एजेण्डा पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयी बुनियादी ढांचे और 'समग्र शिक्षा' के तहत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति जांची गई। जिला कलक्टर ने लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलक्टर ने बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने जिले के विद्यालयों की संख्या, पीएमश्री विद्यालय और महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की वर्तमान स्थिति एवं नामांकन वृद्धि की समीक्षा, नि:शुल्क यूनिफॉर्म डीबीटी, आधार व जनाधार प्रमाणीकरण की प्रगति की जांच, साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। एसईएएस व परख 2024, बोर्ड परीक्षा परिणाम और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और व्यावसायिक शिक्षा के संचालन में तेजी लाने के निर्देश दिए। केजीबीवी टाइप-3, मॉडल स्कूलों की समीक्षा और दिव्यांग शिक्षा के लिए उपलब्ध संसाधनों पर चर्चा, शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति और समसा कार्यालय के लिए स्थान के अभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श तथा शैक्षणिक संकेतकों में सुधार लाने और ड्रॉप-आउट दर को कम करने पर विशेष जोर दिया गया ताकि जिले का शिक्षा स्तर ऊपर उठ सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धरातल पर जाकर योजनाओं की मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी बसेड़ी सुरेंद्र प्रसाद, सैंपऊ बंसीधर योगी, सदस्य सचिव एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, एडीपीसी जितेंद्र जादौन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सूक्खो देवी रावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक आरडी बंसल, डीएलसी बीरी सिंह, समस्त सीबीईओ एवं शिक्षण संस्था प्रधान सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सदस्य सचिव ने जिले में चल रहे विभिन्न नवाचारों और आगामी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक का समापन जिले में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## संत समाज मनुष्य को जीवन जीने की राह दिखाते हैं: संत पूरण दास महाराज

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं)।** कभी हमारे देश में दूध-दही की नदियां बहती थी। यह कहावत हमारे देश की अत्यधिक समृद्धि, प्रचुरता ओर खुशहाली को दर्शाती है। यह हमारे देश की प्राकृतिक संपन्नता ओर प्राचीन समय में पशुपालन के माध्यम समृद्धि का प्रतीक है। कहावत के रूप में यह एक ऐसी स्थिति को बताता है जहां भोजन की कोई कमी न हों ओर हर तरफ सुख-समृद्धि हो। हम बात कर रहे हैं रमतेराम तपस्वी दादूपंथी संत पूरण दास महाराज की, जिनकी असीम प्रैरणा से कस्बे के आसपास के क्षेत्र के पशुपालकों ने विख्यात संत दादू दयाल महाराज के पुण्य प्रादुभाव पर आयोजित ऐतिहासिक दादू मेले में पधारे हुए हजारों श्रद्धालुओं के लिए जल रहित गाढ़े दही की मेवायुक्त मीठी लस्सी का नि:शुल्क वितरण कस्बे में जगह जगह करके पधारे हुए हजारों श्रद्धालुओं का गला तर किया। लस्सी का निर्माण मोदानी नगर स्थित संत पूरण दास महाराज की प्रैरणा से निर्मित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में संत पूरण दास महाराज के पशुपालक शिष्यों की ओर से गत काफी समय से कुशलता पूर्वक किया जा रहा है। ओंकारेश्वर मंदिर से जुड़े रामचरण परवाल ने बताया कि पहली बार लस्सी लगभग 4000 लीटर दही से बनाकर वितरित की गई थी। अल्प समय में ही पूरण दास महाराज के शिष्यों ने इसकी संख्या बढ़ाकर 11 हजार लीटर कर दी। पशुपालकों की पूरणदास महाराज के प्रति सच्ची श्रद्धा व लगन का ही परिणाम है कि लस्सी वितरण के लिए पशुपालकों में दूध लाने की होड़ लगी रहती है। अधिक मात्रा में दूध की आवक होने की वजह से कई बार पशुपालकों को दूध आपूर्ति के लिए मजबूरन मना करना पड़ता है। सप्तमी की सांयकाल में मेला क्षेत्र के लगें विभिन्न अखाड़ों में गर्म दूध का वितरण किया जाता है। ओंकारेश्वर मंदिर में दूध गर्म होने से लेकर दूसरे दिन लस्सी निर्माण तक प्रचलित कहावत ' देश में दूध-दही की नदियां बहती थीं' का बरबस ही स्मरण होकर वास्तविक रूप में देखा जा सकता है। पूरण दास महाराज को नरैना आए हुए लगभग आठ साल हो गए और वर्तमान में महाराज जबलपुर से लगभग 90 किमी दूर प्रवास कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सरोबार कर रहे हैं। यह तपस्वी पूरण दास महाराज का तपोबल ही जो नरैना से लगभग एक हजार किमी दूर होने के बाद भी उनके शिष्यों में दादू मेले में पधारे श्रद्धालुओं के प्रति लस्सी सेवा करने के उत्साह में किसी तरह की कमी नहीं आई अपितु उत्साह साल दर साल बढ़ता ही गया। लस्सी का वितरण मेले में पधारे हुए श्रद्धालुओं के अलावा बस स्टैंड से निकलने वालों वाहनों में बैठे हुए यात्रियों को वाहन रोककर मीठी मनुहार करके पिलाईं जाती है। लस्सी पीने वाला श्रद्धालु लस्सी पीते पीते थक जाए लेकिन महाराज के शिष्य लस्सी पिलाते पिलाते नहीं थकते। गिरिराज मंत्री ने कहा कि पूरण दास महाराज जैसे तपस्वी संत समाज को मानव व जीव कल्याण की सही राह दिखाकर जीवन आनंदमय कर देते हैं।

### खबर का असर

## रातल्या में एसटीपी पाइपलाइन मरम्मत शुरू

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के रातल्या गांव में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की टूटी पाइपलाइन से बह रहे गंदे और बदबूदार पानी की समस्या पर जयपुर टाइम्स न्यूज में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। तकनीकी टीम ने लीकेज वाली पाइपलाइन की पहचान कर मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही, जमा हुए गंदे पानी को निकालने के लिए पंप मशीनें भी लगाई गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले लगभग 20 दिनों से गांव में सड़ांध और मच्छरों की समस्या गंभीर बनी हुई थी। उनकी शिकायतों के बावजूद पहले कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। जयपुर टाइम्स न्यूज में खबर प्रकाशित होने के बाद ही अधिकारियों की सक्रियता बढ़ी और समाधान की प्रक्रिया शुरू हुई। स्थानीय निवासी दिनेश बागड़ा ने बताया कि जयपुर टाइम्स न्यूज की इस पहल से गांव में राहत की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पाइपलाइन की मरम्मत के साथ-साथ पूरे एसटीपी सिस्टम की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लीकेज या ओवरफ्लो की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। ग्रामीणों ने मीडिया की सजगता की सराहना करते हुए कहा कि इसी के कारण गांव को राहत मिली है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बदबू और गंदगी से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा।

## अजमेर में प्रधानमंत्री मोदी की सभा में भाग लेने का आह्वान

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी कोठी मंडल की बैठक भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोठी मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 फरवरी को एक दिवसीय राजस्थान में प्रस्तावित दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, जिला समन्वयक पूर्व जिला अध्यक्ष करौली हेमेंद्र वशिष्ठ, भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह कोठी मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला, कैलाश सोनी ने ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में होने जा रही विशाल आमसभा में पहुंचने के लिए के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं व कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान के विकास में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में अजमेर में होने जा रही विशाल आमसभा में भागीदारी निभाए। कार्यकर्ताओं ने जिला समन्वयक पूर्व जिला अध्यक्ष करौली हेमेंद्र वशिष्ठ को आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी। बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव रस्तोगी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, पूर्व कोठी मंडल अध्यक्ष विशाल सिंघल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद अकील अहमद बोबी, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र सिंह यादव नगर महामंत्री अशोक पचौरी, जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, राहुल राणा, महावीर गर्ग, दुर्गेश श्रीवास्तव, दिग्विजय सिंह राजावत, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश कोली, जिला मंत्री रामकुमार कुशवाह, पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, युवामोर्चा, नाजिया खान,धीरू परिहार, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण उत्तम सिंह कुशवाह बाचाराम बघेला, योगेश प्रताप सिंह जादौन, अनीश खान, मुकेश कुलश्रेष्ठ, छुटला परमार, लोकेंद्र चौधरी, मनोज कटारे, सोनू कुशवाह, रामनिवास कुशवाह, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय सेवा शिविर में भजन संध्या का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** श्याम भक्तों की आस्था और श्रद्धा को सशक्त करने के उद्देश्य से सात दिवसीय सेवा शिविर के अंतर्गत 24 फरवरी की रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन कलाकार रतन फौजी की ओर से सुंदर नेहड़ा भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गईं। वही भारती चौधरी ने नृत्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को रिझाया। भजनों के दौरान पूरा पंडाल बाबा श्याम की भक्ति में लीन नजर आया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।भजन संध्या के माध्यम से भक्तों को भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना से जोड़ने का प्रयास किया गया। श्याम बाबा के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता महेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता हरि चोरिया, सत्तार खान, शिवराम चिकना, अमन खोजा, महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, सतपाल यादव,सुरेश कमलोडीया, पृथ्वी कामलोडीया, पत्रकार जितेंद्र प्रजापति, सुभाष गल्डवाल, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव, महेश सांपला, मनीष ठुकरान, भागीरथ मीणा, बनवारीलाल मोटन, भीमसिंह यादव सहित अनेकों श्रद्धालु व नागरिक उपस्थित रहे। सेवा शिविर के अंतर्गत आयोजित यह भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति रस और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर आई। क्षेत्रभर से श्याम भक्तों ने आयोजन की सराहना की।

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** ग्राम ईटावा भोपजी के दौलत सिंह जी के बास स्थित मुरली मनोहर मंदिर परिसर में बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले आयुर्वेद कॉलेज, हाड़ोता के तत्वावधान में एमजीएफ अस्पताल की ओर से एक दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 302 मरीजों ने पंजीकरण करवाकर स्वास्थ्य जांच व उपचार का लाभ लिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की नाड़ी परीक्षण, ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया। साथ ही मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गईं और रोगों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में परामर्श दिया गया। शिविर प्रभारी डॉ. राजकुमार जांगिड़ ने बताया कि शिविर में सर्दी-खांसी, बुखार, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, पाइल्स-फिशर, एलर्जी, त्वचा रोग तथा बच्चों से संबंधित विभिन्न बीमारियों के मरीज पहुंचे। सभी मरीजों की जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक उपचार व आवश्यक स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में पाइल्स-फिशर विशेषज्ञ डॉ. मानमहेंद्र तथा पंचकर्म व जोड़ों के दर्द विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार जांगिड़ सहित चिकित्सा टीम ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर श्री तालाब वाले बालाजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय पलसानिया, उप सरपंच प्रतिनिधि चंद्रवीर सिंह नाथावत, वार्ड पंच मूलशंकर मेहता, कालूराम खटीक, बाबूलाल बुनकर, शशिकांत पाराशर, रामजीलाल सैनी, अशोक बुटोलिया, साहिल मनियार, कानाराम सेन, लकी नायक, नछूराम कुमावत, गुड्डु कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## भक्ति के रंग में रंगा सांभर, श्रद्धा संग निकली छोटे नंदकेश्वर की सवारी

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निस)।।** होली महोत्सव के उल्लास के बीच बुधवार शाम सांभर नगरी भगवान नंदकेश्वर की भक्ति में सराबोर नजर आई, जब नंदकेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में छोटे नंदकेश्वर की पारंपरिक गैर हर्षोल्लाह व भक्तिभाव के साथ निकाली गई। छोटा बाजार स्थित सूरज जी के मंदिर से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद भगवान नंदकेश्वर की सवारी जैसे ही रवाना हुई, पूरा कस्बा 'छम-छम नाचे नांदया बाबो मोती डूंगरी वालों' के भजनों और जयकारों से गूंज उठा। भव्य गैर चारभुजा की गली, पुरानी कोर्ट, पुरानी नगर पालिका और कटला बाजार जैसे प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति गीतों की मधुर धुन और जयकारों के बीच श्रद्धालु नृत्य करते हुए भगवान की आराधना में लीन दिखाई दिए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक गैर में भाग लेते हुए सांभर की इस प्राचीन धार्मिक परंपरा को जीवंत बना दिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल, पुष्पवर्षा और आरती के साथ भगवान नंदकेश्वर की सवारी का भव्य स्वागत किया। पूरे शहर में होली के रंगों के साथ धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए । एडिशनल एसपी शिवलाल बैरवा, वृताधिकारी अनुपम मिश्रा, सांभर थाना प्रभारी राममिलन मीणा तथा फुलेरा थाना प्रभारी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## जमीनी विवाद में लाठी भाटा जंग, पांच घायल

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनिया थाना क्षेत्र के अधनपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी भाटा जंग हो गई। लाठी भाटा जंग में पांच लोग घायल हो गए जिनका निजी अस्पताल में इलाज किया गया। लाठी भाटा जंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार अधनपुर गांव के रामविलास और हरिशंकर के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में रामविलास के परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है। वीडियो में देख सकते है कुछ लोगों के हाथों में लाठी डंडे लगे हुए है।वो एक दूसरे पर बार करते हुए नजर आ रहे है। सूचना मिलते ही मनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।



# इंडो-हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनी प्रियामणि

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड में एक अलग मुकाम बनाया है। साथ ही बाकी भारतीय कलाकारों के लिए भी राह खोली है। प्रियंका की राह पर चलते हुए साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि भी अब एक इंडो–हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रही हैं। इसमें उनके साथ टीवी पर 'महादेव' का किरदार निभाने वाला एक चर्चित एक्टर नजर आएगा।

## मोहित रैना होंगे प्रियामणि के अपोजिट




इस फिल्म में प्रियामण के अपोजिट टीवी के चर्चित एक्टर मोहित रैना नजर आएंगे। वह बॉलीवुड फिल्मों और सीरीज में भी दमदार किरदार निभा चुके हैं। लेकिन टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' में उन्होंने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का हिस्सा बनने पर मोहित रैना कहते हैं, 'यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह पहचान और अपनेपन को बहुत ईमानदारी से दिखाता है।' वहीं प्रियामणि ने कहा, 'जिस चीज ने मुझे तुरंत इस फिल्म की तरफ खींचा, वह थी कहानी का इमोशन और सच्चाई।' यूएस बेस्ड रेड बाइसन प्रोडक्शंस ने इस क्रॉस बॉर्डर फीचर फिल्म के लिए मुंबई के एज्योर एंटरटेनमेंट के साथ पार्टनरशिप की है। यह फिल्म हर्ष महादेश्वर द्वारा लिखी गई। वही इसका डायरेक्ट करेंगे। अभी तक फिल्म का टाइटल नहीं रखा गया है। यह एक फीचर फिल्म होगी, जिसकी कहानी सच्ची कहानी पर आधारित है। इसमें एक अप्रवासी परिवार की भावुक कहानी दिखाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट अप्रैल 2026 में शुरू होगा।



# अब 'प्रोड्यूसर' बन लोगों का दिल जीतेंगी नित्या मेनन

अपने अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया। अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, 'मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है।' अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का–सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, 'यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है– कीयूरी प्रोडक्शंस।' वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। वे अभिनेत्री होने के साथ–साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'थिरुचित्राम्बलम' (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं। साल 1998 में एक बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली नित्या मेनन बॉलीवुड की फिल्म 'मिशन मंगल' में नजर आई थीं।




# 'द वॉर्डरोब' से होगा दिव्या अग्रवाल का बॉलीवुड डेब्यू

**अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म 'द वॉर्डरोब' का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है। टीवी रियलिटी शोज की विजेता रह चुकीं दिव्या अग्रवाल इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।**



पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल 'द वॉर्डरोब' अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है। दिव्या ने कहा, 'इस फिल्म ने मुझे एक कलाकार के तौर पर चैलेंज किया। कहानी बहुत ग्रिपिंग और एटमॉस्फेरिक है। मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे जल्द से जल्द देखें।' वहीं रजनीश दुग्गल ने भी फिल्म की स्क्रिप्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें सस्पेंस और साइकोलॉजिकल एलिमेंट्स का शानदार बेलेंस है।

फिल्म की कहानी एक साधारण–सी दिखने वाली अलमारी से शुरू होती है, जो धीरे–धीरे डरावनी घटनाओं की एक लंबी कड़ी को जन्म देती है। ट्विस्ट, शॉक और रहस्य से भरी यह कहानी दर्शकों को सीट से बांधे रखने पर मजबूर कर सकती है। फिल्म 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हॉं, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि अमेजॉन प्राइम विडिओ के वेब सीरीज 'इनसाइड एज' में क्रिकेट की चमक–दमक के पीछे की अंधेरी दुनिया को सिद्धांत ने बखूबी उकेरा था। फिलहाल बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौका मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी जरूर जाननी चाहिए।' वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर 'वी. शांताराम' का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नजर आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं।



# 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' की टक्कर से बचकर निकले सनी देओल; आगे खिसकी 'गबरू' की रिलीज डेट



सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है।

## 'गबरू' कब होगी रिलीज?

'बॉर्डर 2' के बाद सनी देओल के फैंस की नजर उनकी आगामी फिल्मों पर टिकी है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह फिल्म 08 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में इंडु के साथ बातचीत में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया।

## फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा टकराव

फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन और प्रीत कमानी अहम रोल में हैं। सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब इसका मुकाबला लक्ष्य ललवानी और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा। यह फिल्म भी 08 मई को रिलीज होने वाली है। अनन्या और लक्ष्य की फिल्म को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया है।

## 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' से बच निकले सनी देओल

बता दें कि मार्च में दो बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक'। दोनों ही फिल्में 19 मार्च 2026 को रिलीज हो रही हैं। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल रही। इसके दूसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, 'टॉक्सिक' का भी क्रेज है। संभवत: इन दोनों फिल्मों से भिड़ंत से बचने के लिए मेकर्स ने सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज में बदलाव किया है।

# फिल्म बनाने के लिए प्रियंका ने किया प्रेरित





मीरा चोपड़ा साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के अलावा प्रियंका चोपड़ा की कजिन बहन के तौर पर पहचानी जाती हैं। शादी के बाद वह फिल्मों से दूर थीं लेकिन अब बतौर फिल्ममेकर उन्होंने साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' के साथ वापसी की। हमसे खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, प्रियंका चोपड़ा की सलाह सहित कई विषयों पर बात की। बतौर फिल्ममेकर डेब्यू करने के बाद क्या वह आगे अपनी फिल्म में बहन प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने के बारे में सोचती हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए कहा, 'नहीं...नहीं। अभी तो मैं वो नहीं कर सकती। मैं अभी उनको एफोर्ड ही नहीं कर सकती हूं। मैं कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचती हूं। हां जब बड़ी फिल्ममेकर बन जाऊंगी तो एक दिन अपनी फिल्म में प्रियंका को कास्ट करना चाहूंगी।'

बिजनेस में हाथ आजमाने के मीरा के फैसले पर बहन प्रियंका चोपड़ा का क्या रिएक्शन था? इस बारे में वह बताती हैं, 'मैंने सीधे उन्हें अपनी फिल्म (गांधी टॉक्स) का टीजर भेजा। मैंने उनको बताया कि ये फिल्म मैंने प्रोड्यूस की है। उनको इस पर बहुत गर्व महसूस हुआ। प्रियंका का व्यवहार कुछ ऐसा है कि हम में से कोई जब कुछ अच्छा करता है, तो वह बहुत गौरवान्वित महसूस करती हैं। प्रियंका ने मुझे कहा था कि फिल्म बनाना बिल्कुल भी आसान काम नहीं है, आपने टीजर बना दिया है तो प्लीज अब फिल्म बनाओ। दरअसल, उन्होंने इस इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि इस वर्ल्ड में जिस तरह से अपनी पहचान बनाई है, वो ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। जब आपके परिवार में ऐसा कोई होता है तो आप उससे प्रेरित होते हैं। आप पहले उसको देखते हैं। हमेशा एक चाह थी कि मैं कुछ ऐसा करूं कि प्रियंका कहे कि मुझे तुम पर गर्व है और उन्होंने ऐसा कहा, ये मेरे लिए ये बड़ी है।

## एक्टिंग में लगातार काम नहीं मिलता

एक इंटरव्यू में मीरा ने कहा था कि वह स्क्रीन पर वापसी के लिए लोगों के संपर्क में हैं। लेकिन अब वह बतौर फिल्ममेकर वापसी कर रही हैं। क्या शादी के बाद एक्टिंग में लौटना उनके लिए चुनौती भरा फैसला है? इस पर वह कहती हैं, 'मेरे सामने ऐसी कोई चुनौती नहीं आई। लेकिन एक्टिंग में क्या है कि आपको दो साल काम नहीं मिला तो आप काम नहीं करोगे, फिर एकदम से एक ही साल में दो प्रोजेक्ट आ जाएं तो आप काम करोगे। दरअसल, एक्टिंग ऐसा पेशा नहीं है कि लगातार आपको काम दे ही देगा। मैं ऐसा प्रोफेशन चाहती थी कि आपका लगातार काम चलता रहे, इसलिए मैंने प्रोडक्शन का काम शुरू किया। वो मेरे कंट्रोल में है कि मुझे कब क्या बनाना है, क्या करना है।

एक्टिंग में तो जब प्रोजेक्ट मिलेगा, जब आपको कुछ अच्छा लगेगा तब आप कर पाओगे। मैंने तीन साल काम करने के बाद फिर सोचा कि अब एक्टिंग में वापसी करूंगी और बहुत जल्द मैं आपको स्क्रीन पर दिखूंगी। एक्टिंग मेरा प्यार है, मैं जिंदगी में चाहे कुछ भी करूं, एक्टिंग नहीं छोड़ूंगी।'

## फिल्म के गाने बनाने में समय लग गया

साइलेंट फिल्म के साथ बतौर प्रोड्यूसर वापसी करना और फिल्म की स्क्रीनिंग के लंबे समय बाद रिलीज करना कितनी बड़ी चुनौती थी? इस बारे में वह कहती हैं, 'जब हमने स्क्रीनिंग की थी तो हमारा मकसद था कि इतना बड़ा स्टेप उठाने पर लोगों का रिएक्शन कैसा रहेगा, जो कि काफी अच्छा था। फिर हमने एक बड़ा बदलाव किया कि फिल्म का संगीत पांच भाषाओं में बनाएंगे, क्योंकि फिल्म में डायलॉग नहीं थे तो फिल्म को एक भाषा में रिलीज करना हमें सही नहीं लगा। इसलिए ए.आर रहमान सर ने शुरू से फिल्म का संगीत बनाना शुरू किया। हिंदी के गाने पहले से ही तैयार थे, तमिल, मलयालम, तेलुगु, मराठी के गाने बनाने शुरू किए। उसमें एक साल और लग गया। लेकिन हमारी मंशा थी कि चाहे एक–दो साल लग जाएं लेकिन जब फिल्म दर्शकों के सामने आए तो लोगों की वाहवाही मिले।

## अमृता हाट के माध्यम से महिलाएँ बनेगी आर्थिक रूप से सशक्तः कलक्टर

### जिला कलक्टर ने अमृता हाट का किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह व उद्यमी महिलाओं की ओर से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में आयोजित अमृत हाट का जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावडे ने बुधवार को अवलोकन किया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने स्वयं सहायता समूहों की ओर से संचालित स्टॉलों का अवलोकन किया तथा महिला समूहों की ओर से तैयार किए जा रहे हस्तशिल्प व अन्य उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि अमृता हाट के माध्यम से महिला वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायता मिलेगी तथा उनके उत्पादों को व्यापक स्तर पर पहचान मिलेगी। इस अवसर महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभागीय अधिकारी-कार्मिक व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम की सभा में भाग लेंगे कार्यकर्ता



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुराना शहर मंडल किशना वाली बगीची पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी व भारतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा ने की कार्यक्रम में बोलते हुए राजीव रस्तोगी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर आ रहे हैं 28 फरवरी को हमें प्रत्येक मंडल से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को उनके स्वागत में पहुंचना है मुकेश सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक कार्यकर्ता लाएं ताकि बड़ी संख्या में लोग अजमेर पहुंच सके। ताकि शहर मंडल का प्रतिनिधि बड़ी संख्या में दिखे, मंडल अध्यक्ष राजत शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया, कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी, ओमप्रकाश कोली, पूर्व पार्षद महेश चंद्र कोली, महेन्द्र कोली, गौरव गोयल, पूर्व पार्षद सुनील नरवार, सोनू बघेला, सचिन प्रजापति, फैजल खान, राजेंद्र बघेला, कुलदीप शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरिनाम संकीर्तन से ही संभव है दुखों का निवारण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मचकुंड रोड स्थित परशुराम सेवा सदन में चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत रस महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास स्वामी मानस प्रपन्ना भानुदेवाचार्य महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने 'पूतना वध' प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन में दुख आने पर भगवान की शरण और हरिनाम संकीर्तन ही कष्टों से मुक्ति का मार्ग है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण व दाऊजी के नामकरण संस्कार का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मुख्य यजमान कुसुम व सतीश शर्मा ने व्यासपीठ पूजन कर आरती उतारी। इस अवसर पर अवधूत पागल बाबा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा 28 फरवरी तक जारी रहेगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जवाई बांध-दूदनी रोड पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। वेगेनार कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में सुमेरपुर के समाजसेवी प्रताप सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही जवाई बांध पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सुमेरपुर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ रजक समाज की ओर से मनाई गई। कार्यक्रम में रजक समाज के सैंकड़ों युवा नौजवान बच्चे और महिलाओं सहित नागरिकों में लगभग 1500 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विश्व रजक महासंघ राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री प्रमोद दिवाकर रहे तो वही अध्यक्षता रजक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता भूप सिंह रजक ने की। इसी दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विश्व रजक महासंघ राजस्थान के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शैडवाल व धौलपुर से समाजसेवी राकेश राजपुर और स्थानीय सरपंच यादव रहे। समारोह में मचांसीन



अतिथियों की ओर से राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला और सामाजिक सुधार, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दिवाकर ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज का जीवन समाज सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज को एकता और जागरूकता का संदेश देते हैं। अध्यक्षता कर रहे रजक समाज के नेता भूप सिंह रजक ने समाज के उत्थान व संगठन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि मैं रजत समाज के लिए वर्षों से संघर्ष करता आया हूं और हमेशा संघर्ष करता रहूंगा नीता भूप सिंह के इस उद्बोधन को सुनकर पंडाल में बैठे समस्त जनता जनता जनार्दन ने हाथ उठाकर और नारेबाजी कर इस बात का पुरजोर तरीके से समर्थन किया। इसी दौरान राजस्थान से आए युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शैडवाल ने शिक्षा को लेकर अपना उद्बोधन दिया और रजक समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वाहन किया। इसी दौरान समाजसेवी राकेश रजक ने भी संत गाडगे जी महाराज के जीवन शैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जोरा अलापुर के साथ-साथ मध्य प्रदेश के मुरैना ग्वालियर और चंबल संभाग के अनेकों क्षेत्रों से रजक समाज के लगभग 1500 से भी ज्यादा लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तो वहीं राजस्थान से भी नागरिक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर नरेश भगत, भीम रजक, दिनेश रजक, सौरभ रजक होरीलाल रजक, बंटी रजक, बबलू रजक, पूरन रजक राम ज्ञान फौजी, रसोदना मुन्ना फौजी, मुंद्रा बजा, बाबूलाल धमकन, फेरन सिंह नरेला, आदि राम नरेला, रोशन लाल बीच परी, रामदीन घूघस, विश्राम डूंगरपुर रामदीन घुर्रा, जोही सेठवरी, मांगीलाल खिडोरा, बेताल दोनारी, मुरारी हर गांगुली महेश मुरैना गांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राजसमंद में 'श्रमिक शक्ति' का शक्ति प्रदर्शन

### बजट मंथन बना भाजपा का महाकुंभ, सुमेरपुर की दमदार मौजूदगी

### ओबीसी मोर्चा के सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब




जयपुर टाइम्स

**राजसमंद/सुमेरपुर(निस)।** जिला भाजपा कार्यालय बुधवार को राजनीतिक ऊर्जा और श्रमिक उत्साह का केंद्र बना रहा। ओबीसी मोर्चा जिला राजसमंद के तत्वावधान में आयोजित केंद्रीय व राज्य बजट 2026-27 श्रमिक संवाद सम्मेलन ने महाकुंभ का रूप ले लिया। कार्यकर्ताओं और श्रमिकों की भारी मौजूदगी ने साफ संकेत दिया कि संगठन अब जमीनी स्तर पर बजट को मुद्दा बनाकर आगे बढ़ने की रणनीति पर है। सम्मेलन में जिला प्रभारी धीरज सांखला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि श्रमिकों के सपनों का रोडमैप है। इसे हर गांव, हर वार्ड और हर बूथ तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे श्रमिक वर्ग के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी दें और संगठन को और मजबूत करें। मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमावत ने बजट को श्रमिक-हितैषी बताते हुए कहा कि सरकार का फोकस रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण पर है। उदयपुर संभाग प्रभारी फूलचंद कुमावत और भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने भी संगठनात्मक एकता पर जोर दिया। सम्मेलन में सुमेरपुर से पहुंचे पूर्व पालिका उपाध्यक्ष चत्रभुज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हनवंत सिंह देवड़ा, राजपूत गोडवाड़ महासभा अध्यक्ष खेतसिंह देवड़ा, ग्रामीण मंडल महामंत्री अमर सिंह कोलीवाड़ा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। जिलाध्यक्ष जवाहर लाल जाट ने इसे 'ऐतिहासिक और संगठन की ताकत का प्रतीक' बताया। कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोजन के साथ कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूती देने का संकल्प लिया। राजसमंद का यह सम्मेलन केवल बजट चर्चा तक सीमित नहीं रहा, यह शक्ति प्रदर्शन, रणनीति निर्माण और श्रमिकों के बीच पैठ मजबूत करने का मंच बनकर उभरा।

## हत्या के प्रकरण में आरोपी को आजीवन कारावास

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** करीब साढ़े 4 साल पुराने हत्या के एक प्रकरण में अपर जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर ने सुनवाई करते हुए एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 10 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मामला धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र का है, जहां जून 2021 में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। अपर जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर के एपीपी मुकेश सिकरवार ने बताया कि मनियां थाने में जून 2021 में पुराना रिसाला आरएसी रोड धौलपुर निवासी मनोज ठाकुर पुत्र राधेश्याम ने अपने भाई विनोद की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें मनोज ने बताया कि 5 जून 2021 को बरेथा मुरैना हाल निवास गणेशपुरा मुरैना मध्य प्रदेश का रहने वाला संजय पुत्र केशव सिंह उसे बस पर ड्राइवरी के लिए दिल्ली ले गया। उस दौरान कोरोना के चलते 2 दिन बसें किसी कारणवश बंद रहीं। उसके बाद 7 जून 2021 को दिल्ली से धौलपुर आ रहे थे। इसी दरमियान मनियां थाना क्षेत्र में अस्पताल से थोड़ा आगे संजय ने बस चलाने की जिद की, जबकि वह काफी नशे में धुत था। परिवादी मनोज ने बताया कि मेरे भाई विनोद ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने के लिए संजय से मना किया, जिस पर उसने विनोद को लात मारी और लोहे की छड़ से हमला कर दिया। विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अन्य साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने के बाद मनियां थाना पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया। इसी प्रकरण में अपर जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर के न्यायाधीश राकेश गोयल ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषी पाए जाने पर संजय पुत्र केशव सिंह बरैथा मुरैना हाल निवास गणेशपुरा मुरैना मध्यप्रदेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## बिशनगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपी को पकड़ा

### आरोपी के खिलाफ 33 प्रकरण दर्ज

### कई स्थानों से वाहन चोरी की बात कबूली

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले की बिशनगढ़ पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिनके विरुद्ध 33 प्रकरण दर्ज है। बिशनगढ़ थानाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व मे थाना हल्का क्षेत्र के गांव उम्मेदाबाद से बोलेरो पिक-अप ट्रोली के चोरी की वारदात का खुलासा किया गया। दरअसल 21 फरवरी की रात्रि में आबादी उम्मेदाबाद से वाहन महेन्द्रा बोलेरो पिक-अप ट्रोला चोरी हो गया था, इस सम्बंध में उम्मेदाबाद निवासी युधिष्ठिर पुत्र चम्पालाल खत्री ने रिपोर्ट दी थी। इस पर पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम की ओर से सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए, संदिग्ध व्यक्तियो की कॉल डिटेल निकालकर अवलोकन किया गया। पूर्व में वाहन चोरी के चालान शुदा आरोपियों की वर्तमान गतिविधियों के बारे मे जानकारी ली गई तो उक्त वाहन को पादरू (सिवाना) निवासी शैतानाराम पुत्र लादुराम बिश्नोई की ओर से चोरी करना ज्ञात हुआ, जिसको दस्तयाब कर गहन पूछताछ की गई तो अभियुक्त ने प्रकरण की वारदात करना स्वीकार किया तथा इसके साथ ही अभियुक्त ने 13 फरवरी 2026 की रात्रि में पुलिस थाना कोतवाली जालोर के सिरे मंदिर रोड से भी एक पिक-अप ट्रोला चोरी करने की वारदात स्वीकार की। आरोपी से चोरी हुए वाहन को बरामद भी कर लिया गया है। अन्य चोरियों के सम्बंध मे गहन अनुसंधान जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शैतानाराम एक शातिर प्रवृत्ति का वाहन चोर है, जिसके विरुद्ध कुल 33 प्रकरण पहले से पंजीबद्ध है, जिनमें से अधिकतर वाहन चोरी के है।

## सेन समाज का उबाल, 1 करोड़ मुआवजा और फांसी की सजा की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** बीकानेर जिले की कोलायत विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय आठवीं कक्षा की छात्रा के दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में सेन समाज सुमेरपुर के तत्वाधान में बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी सुमेरपुर को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 21 फरवरी को परीक्षा देने निकली बालिका का शव बज्जू थाना क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिला। घटना के बाद से बज्जू में लगातार तीन दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है,लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही सेन समाज ने यह मांगे रखी। फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा,पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व डेयरी बूथ मुख्यमंत्री राहत कोष से 1 करोड़ रुपये का मुआवजा, क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था सख्त कर ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संपूर्ण जिलों में धरना-प्रदर्शन और प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश मंत्री छगन सेन (भारतीय सेन समाज के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि जब तक बेटी को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## प्यास पर 'सिस्टम' का ताला! 10 साल से सूखी टोंटियां

### 1.50 लाख की स्वीकृति धूल फांक रही, दर्जनों ज्ञापन बेअसर

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जवाई रोड स्थित द्वारकाधीश कॉलोनी में पेयजल संकट अब प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रतीक बन गया है। सूत्रों के अनुसार करीब 10 वर्षों से घर-घर नल कनेक्शन का इंतजार कर रहे सैकड़ों परिवार आज भी हैंडपंप और टैंकरों के सहारे हैं। महिलाओं के सिर पर मटके और बच्चों के हाथ में बाल्टियां—यहां रोज का दृश्य है। अब कॉलोनीवासियों ने साफ शब्दों में कह दिया है— 'आश्वासन नहीं, एक्शन चाहिए।'

### फाइलों में पानी, जमीन पर सूखा

9 अक्टूबर 2017 को पूर्व विधायक को ज्ञापन देकर पाइपलाइन की मांग उठी। 1.50 लाख रुपए की स्वीकृति भी जारी हुई, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। 12 जून 2020 को अधिशासी अभियंता,जलदाय विभाग फालना को पत्र दिया गया। उसी वर्ष जिला कलेक्टर पाली, उपखंड अधिकारी सुमेरपुर, सहायक अभियंता, सरपंच ग्राम पंचायत गलथनी, विधायक सुमेरपुर और विकास अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपे गए।सवालः स्वीकृति थी तो काम क्यों नहीं हुआ? जिम्मेदार कौन? और अब तक कार्रवाई क्यों नहीं?

### रोजमर्रा की जंग:पानी के लिए कतार

कॉलोनी में नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है। कई घरों में नल कनेक्शन ही नहीं। हैंडपंपों पर लंबी कतारें लगती हैं; गर्मी में वे भी जवाब दे देते हैं। तब टैंकर बुलाने पड़ते हैं—जिसका खर्च हर महीने जेब पर भारी पड़ता है। बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

### अब आर-पार की तैयारीः

कॉलोनी प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल पाइपलाइन कार्य शुरू नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन होगा— पहला चरणः जलदाय विभाग कार्यालय पर धरना। दूसरा चरणः कलेक्टर कार्यालय घेराव। तीसरा चरणः जवाई रोड पर सांकेतिक चक्का जाम। रहवासियों का कहना है, 'यह सिर्फ पानी नहीं, हमारे अधिकार का मुद्दा है। जवाबदेही तय करो।' प्रशासन के लिए चार तात्कालिक कदम (राहत का रोडमैप) आपात जलापूर्तिः रोजाना टैंकर शेड्यूल सार्वजनिक कर मुफ्त आपूर्ति। समयबद्ध योजना: 30 दिनों में पाइपलाइन कार्य शुरू, 90 दिनों में घर-घर कनेक्शन। पब्लिक डैशबोर्डः स्वीकृत राशि, ठेकेदार और प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट सार्वजनिक। जांच व कार्रवाईः 2017 की स्वीकृति पर देरी के लिए जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय। द्वारकाधीश कॉलोनी की प्यास अब पाली में जनमुद्दा बन चुकी है। प्रशासन के पास विकल्प साफ है—तुरंत राहत और समयबद्ध समाधान, या फिर सड़कों पर उतरता आक्रोश।

## भारतीय पत्रकार सेवा संस्थान की बैठक में पत्रकार हितों पर चर्चा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय पत्रकार सेवा संस्थान बीजेएसएस की जिला बैठक शिष्या ग्लोबल स्कूल धौलपुर में संगठन के प्रदेश महासचिव गोपेश पचौरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार मार्च माह में 31 मार्च तक पुराने सभी सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण होगा तथा नए सदस्य बनाए जा सकेंगे। जिला अध्यक्ष अनुराग मुदगल के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सदस्यता अभियान के लिए पत्रकार उपेंद्र दीक्षित को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। जिला सदस्यता अभियान के संयोजक उपेंद्र दीक्षित व सहसंयोजक दुर्गा शरण दुबे को 31 मार्च तक सदस्यता अभियान पूरा करना होगा। इसके उपरांत 7 अप्रैल तक संगठन के चुनाव संपन्न कराने होंगे। इसके उपरांत अप्रैल की अंतिम सप्ताह में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पत्रकार होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी तिथि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जो 15 मार्च को जयपुर में होगी। इसके उपरांत पत्रकार मिलन समारोह की तिथि घोषित की जाएगी। बैठक में अनुराग मुद्गल, उपेंद्र दीक्षित, आकाश पचौरी, अजय बिलोनिया, शकील खान, जय सिंह गुर्जर, फरमान अली, ओमेश शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में ऑनलाइन जुड़ने वाले सदस्यों में भानु शर्मा, हरवीर शर्मा, अवध शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुनील जगरिया शामिल हुए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत दांतिल, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड)

क्रमांक :- ग्रा.पं.दां / निविदा / 2025-26/46 दिनांक : 23.02.2026

### ई-निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत दांतिल में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN - ZJP 2526WSRC02700
ZJP 2526WSRC02701

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दांतिल
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)

प्रशासक
ग्राम पंचायत दांतिल
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)

# कांग्रेस के 5 साल बनाम बीजेपी के 2 साल के विकास कार्यों की ग्रामीणों ने की तुलना

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव पंचायत भोजासर बड़ा में राजनीतिक हालात, संगठनात्मक मजबूती, मनरेगा बचाओ संग्राम व आगामी पंचायत चुनावों की रणनीति के कार्यक्रमों और क्षेत्र में कांग्रेस के पांच साल व बीजेपी के दो साल के विकास कार्यों की तुलना करने के जनहित मुद्दों को लेकर पाटोदा मण्डल कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। उसके बाद भोजासर बड़ा पंचायत में कांग्रेस के कार्यकर्ता की ओर से विभिन्न रास्तों गलियों से पैदल मार्च निकाल कर नारेबाजी करते हुए गांव के मुख्य चौक में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की जिसमें मूख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिहाग और चौपाल कार्यक्रम के मूख्य प्रशिक्षक वक्ता सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़, लक्ष्मणसिंह शेखावत, सज्जन वर्मा हापास, हरफुल गोदारा, एडवोकेट सुरेश भास्कर रहे। बैठक व चौपाल का संचालन महेंद्र ढाका भोजासर और सरपंच संदीप शर्मा ने किया। चौपाल को संबोधित करते हुए सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की डबल इंजन भाजपा सरकार ने बजट मामले में लक्ष्मणगढ़ को उपेक्षित रखने से



उनका डबल इंजन धूं धूं करते हुए आगामी पंचायत व नगरपालिका चुनावों में धुएं का गुब्बारा बनकर खाक हो जाएगा। कांग्रेस ने 5 साल लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में 1800 करोड़ के विकास कार्य जिसमें खेत, ढाणी, गांव जाने वाले सभी आम रास्तों पर 1200 किलोमीटर की डामरीकरण सड़कें, 832 करोड़ की पेयजल योजना, सीवरेज व गन्दे पानी निकासी नाला,जिला होस्पिटल, नेछवा में उपजिला होस्पिटल, लक्ष्मणगढ़ एवं नेछवा में महाविद्यालय, नेचर पार्क, नेछवा में उपखंड, तहसील व पंचायत समिति, करीब करीब पंचायतों में पावरहाउस व पीएचसी- सीएचसी सहित अन्य दिखते विकास कार्य करवाए । दूसरी ओर बीजेपी के दो साल में लक्ष्मणगढ़ को विकास कार्यों में इतना उपेक्षित रखा। अभी तक एक ईंट तक नहीं लगाई गई। केवल अध्यापकों और चिकित्सा कर्मचारियों को लक्ष्मणगढ़ से पांच सौ सात सौ किलोमीटर दूर बाड़मेर, जालोर स्थानांतरण करने का काम किया जिससे लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं की जनता में त्राहि त्राहि मच गई और इस कमर तोड़ मंहगाई में अब जनता प्राइवेट क्षेत्र पर निर्भर हो गई। यह सब सरकार के कारनामे जनता देख रही है, आने वाले पंचायत व नगरपालिका चुनावों में डबल इंजन सरकार को जरूर सबक सिखाया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिहाग ने कहा कि बीजेपी सरकार योजनाबद्ध तरीके से गरीब मजदूरों के हक पर चोट कर रही है। बढ़ती महंगाई, घटते रोजगार और मनरेगा के नए प्रावधानों से मजदूरों की कमर तोड़ी जा रही है। कुछ चुनिंदा उधोगपतियों के लिए रास्ते खोले जा रहे हैं। जबकि गरीबों को सिर्फ थोथी घोषणाओं का सहारा लेकर लोली पोप देने काम किया जा रहा है। पहले मनरेगा में रोजगार की गारंटी मिलती थी, अब मनरेगा कानून में परिवर्तन करके वीबीजीरामजी योजना में रोजगार की कोई निश्चित गारन्टी नहीं है, जब भी कोई काम शुरू होगा तभी रोजगार दिया जाएगा। केन्द्र सरकार ने मनरेगा का बजट 60:40 के अनुपात में कर दिया इससे राज्य पर 40' बजट का भार डालने से आने वाले दिनों में गरीबों की रोजगार गारंटी मनरेगा केवल कागजों तक सिमित रह जाएगी। प्रदेश कांग्रेस सचिव सज्जन हापास व लक्ष्मणसिंह शेखावत ने कहा की अगर विकास के कार्यो और अन्य जनहित मुद्दों में लक्ष्मणगढ़ की अनदेखी इसी तरह जारी रही, तो गांव गली वार्ड से आन्दोलन उठेगा। जनता अब चुप नहीं बैठेगी लोकतांत्रिक तरिके से वोट की ताकत से जवाब दिया जाएगा। पिछले पांच सालों में विकास कार्यों का आकलन इसी से करलो की क्षेत्र के किसी भी गांव में संपर्क सड़कें चारों ओर इतना जाल बन गया जिससे उलझन हो जाती है कि यह सड़क रास्ता किधर जाएगा। पहले जब भी बजट आता क्षेत्र के हर पंचायत गांव का नाम विकास कार्य बजट भाषण में सूनने को मिलता था और अब गांवो की छोड़ो सीकर जिले का नाम भी बजट में नहीं आता है, यह कांग्रेस के पांच साल बनाम बीजेपी के दो साल कार्यो की तुलना है। इस दौरान सरपंच महेंद्र ढाका, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र भोजासर, विकास शर्मा पाटोदा, बीएलए मामराज सिहाग, हनुमानसिंह फगेड़िया, मोहनसिंह कलवानियां, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विद्याधर मनासिया, नेमीचंद निठारवाल, बाबूलाल ढाका डालमास, हरिराम ढाका, गिरधारी सैन, महेश खीचड़, कैप्टन भागिरथ सिंह, राकेश शर्मा, धन्नाराम मंडिवाल, दीनदयाल शर्मा, सांवरमल कंडक्टर, झाबरमल कुमावत, मदनलाल मीणा, शिवकरण अलखपुरा बोगन, बिरजू कलवानियां, विक्रम सिंह शेखावत, अमरसिंह शेखावत, बीरबल मंडिवाल, रमेश भदाला, पाबुराम मीणा, महेंद्र डोटासरा, कमल शर्मा, रूघनाथ महला, मदन कामड़, रड़मल कानसुजिया, सांवरमल शिवरान, इन्द्रधन अलखपुरा बोगन, इन्द्राज ढाका, गोपाल सिंह, अजय ढाका, रामकुमार पचार, गोकुल सिंह, संदीप ढाका, हजारीलाल पाटोदा, रणधीर डोटासरा, ओमप्रकाश डोटासरा, नरेश कुमार, राजेश पाटोदा, मैनपाल डोटासरा, शिशपाल पिलानियां, रजनीश ढाका, रामेश्वर पाटोदा, हरदेव कलवानियां,महेन्द्र भदाला, दिनेश शर्मा, हरदेव मंडिवाल, गोपालराम कलवानियां, नरेन्द्र कुमार, निवास ढाका सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थिति रहे।

## साकार संस्थान ने किया समाज सेवी पारख का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** समाज सेवी बसंत पारख का चूरू पहुंचने पर साकार संस्थान की ओर से भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। सरकार संस्थान के अध्यक्ष हनुमान आदित्य ने बताया कि बसंत पारख ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हैं। इस उपलब्धि के लिये संस्थान ने उनका भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर संस्थान के राकेश दाधीच, दिनेश स्वामी, उमेश शर्मा, कौशल शर्मा, प्रेमसिंह, सुरेश कुमार, जगदीश कुमार आदि ने शॉल, श्रीफल व राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी बसंत पारख ने कहा कि उनके पिता रतनलाल पारख की प्रेरणा से चलना उनकी प्राथमिकता है। आगे भी इसी तरह समाज सेवा के क्षेत्र में अनवरत काम करते रहेंगे, उन्होंने साकार संस्थान का आभार व्यक्त किया।

## मूलभूत सुविधाओं में सुधार ही विकास की असली पहचान : महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने बिजली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस दौरान महर्षि ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं का समय पर समाधान ही सुशासन की पहचान है। समस्याओं को लंबित रखना विकास की गति को बाधित करता है, इसलिए प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के बजट को आमजन हितैषी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। जनसुनवाई में बिजली पोल शिफ्टिंग, ढीले विद्युत तारों की मरम्मत, 'आपणी योजना' से संबंधित प्रकरण, नई सड़कों के निर्माण सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## चूरू में 8 मार्च को जुटेगा पूर्व सैनिकों का महाकुंभ, तैयारियों को लेकर जनसंपर्क तेज



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** जिला स्टेडियम, चूरू में 8 मार्च को आयोजित होने वाली विशाल पूर्व सैनिक रैली की सफलता को लेकर गौरवशाली सैनानी समिति सुजानगढ़-बीदासर की ओर से क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सूबेदार मेजर रतनलाल ढाका (से.नि.) व नायब सूबेदार रामनिवास तेतरवाल (से.नि.) ने सुजानगढ़, बीदासर, सालासर, कोलासर, मलसीसर, मालासी, राजियासर और बामणिया सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं से मुलाकात कर रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। समिति के सदस्य रामनिवास तेतरवाल ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी विसंगतियों को दूर करना है। रैली में स्पर्श पोर्टल और ईसीएचएस से जुड़ी समस्याओं के निवारण के लिए विशेष डेस्क लगाई जाएगी। साथ ही, कार्यक्रम में वीर नारियों और वीरांगनाओं का विशेष सम्मान किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रैली में शामिल होने वाले पूर्व सैनिकों के लिए आने-जाने (परिवहन) तथा जलपान व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। रैली प्रातः 9 बजे जिला स्टेडियम चूरू में शुरू होगी। इस दौरान समिति के अन्य सदस्य और क्षेत्र के पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सुभाष चौक के पास स्थित पिथीसरिया हवेली में सोमवार रात्रि को बाबा श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया गया। सुनील पिथीसरिया ने बताया कि शिवशंकर पिथीसरिया ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कोलकाता के गायक कलाकार बिट्टू सिंह राजपूत ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी, जिस पर उपस्थित श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर सुरेंद्र, संजय, संदीप पिथिसरिया सहित शहर के अनेक नागरिक मौजूद रहे। सुनील पिथिसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पीएम के नेतृत्व में देश स्वच्छ और स्वस्थ बनने की ओर अग्रसरः गुप्ता

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर स्वच्छता अभियान के प्रदेश ब्रांड एंम्बेसेडर के.के. गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान अब प्रत्येक भारतीय का संस्कार बन गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिरों, स्कूलो, अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया, तो विपक्ष ने इसका मजाक उड़ाया, परन्तु अब इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर अनेक कदम उठा रही है। जिससे प्रदेश में यह अभियान लोगां के संस्कार में शामिल हो रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक भंवर गुर्जर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य देश को स्वच्छता के मायने में विश्व स्तर पर सम्मान दिलाता है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में लगातार कार्य कर रहे हैं, इसका परिणाम जिले में सकारात्मक पड़ रहा है। उन्होंने चूरू में टेम्पों टीपर के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण की जानकारी देते हुए बताया कि इससे चूरू में स्वच्छता अभियान शानदार तरीके से चल रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम सहसंयोजक भागीरथ सैनी, शिवकुमार शर्मा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, मीडिया जिला सह संयोजक नीरज जांगिड़, सुनील खटीक, तेजपाल शर्मा, ओम प्रकाश, हंसराज सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव में लोक संस्कृति साकार, गींदड़ नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय दादाबाड़ी में शेखावाटी फाउंडेशन चूरू की ओर से भगवान दास सातड़ेवाला की स्मृति में मंगलवार शाम शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, विजय कुमार सराफ, राजकुमार अग्रवाल, हरिओम शर्मा, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक, पशुपति शर्मा, पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पूर्व सभापति विजय शर्मा, मोहम्मद हुसैन निर्माण, गुलाब नाथ महाराज, सूर्यप्रकाश पुजारी व अनुराग शर्मा मंचस्थ अतिथि रहे। शेखावाटी महोत्सव में चूरू सहित बिसाऊ, राजलदेसर, सात्यूं के कलाकारों सहित सीकर के योगी शर्मा ने ढ़प व गींदड़ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीतों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने गणेश वंदना व चंग बजाकर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शानदार गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से कलाकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि वर्तमान युग में राजस्थान लोक कला व गीतों का संरक्षण करना जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वनाथ शर्मा राजगुरु, राजेंद्र शर्मा, रामावतार लोहिया, महेश हारित, आयुष चौबे, संदीप पाटिल, बंटी सराफ, प्रमोद सराफ, अमित सराफ, जगन्नाथ सराफ, राजेंद्र ठठेरा, डॉ. प्रमोद बाजोरिया, पवन बगड़िया, मुरली ऊंटवालिया, श्रवण कुमार भाटी, पवन पीपलवा, सोहन शर्मा, पंकज औझा, योगेश गौड़, महेश मिश्रा, महेश गौड़, विमल पार्षद, हरदत सहारण, शंभूदयाल शर्मा, निखिल इंदौरिया सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग उपस्थित रहे।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 150 रोगियों की जांच

### 68 का ऑपरेशन के लिए चयन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ व शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व हितेश ज्वेलर्स सुजानगढ़ के आर्थिक सौजन्य से बुधवार को तीसवां नेत्र चिकित्सा शिविर माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित किया गया। भामाशाह सीताराम मौसूण, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी, एमजेएफ पवन मौसूण, डॉक्टर आशना गुप्ता ने बालाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। एमजेएफ कमल तापड़िया ने आभार व्यक्त किया। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 150 लोगों का परीक्षण किया व ऑपरेशन के लिए 68 लोगों का चयन किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने शिविर के सफल आयोजन के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। लायंस क्लब की ओर से रोगियों को मुफ्त दवाइयां व चश्मे दिए गए। लॉयन एम जे एफ कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, पवन मौसूण, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, एडवोकेट अंकित चोटिया, रुपेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, कमला सिंघी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया, रेखा सोनी, प्रियंका सोनी, मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, आदिल भाटी, महावीर शर्मा, विकास आदि ने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।

## कथा में धर्म, कर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों का सार हैः संत भोले बाबा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव हरपालसर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़ के पिता आरएएस उत्तम सिंह की स्मृति में हो रही शिव गोशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक बाल संत भोले बाबा ने कथा का रसपूर्ण व भावपूर्ण वाचन करते हुए अपने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद्भागवत गीता के माध्यम से धर्म, कर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों का सार समझाते हुए मानव जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया। उनके ओजस्वी और प्रेरणादायी प्रवचनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। शिव गौशाला इन दिनों आध्यात्मिक चेतना और भक्ति रस से सराबोर है। यहां आयोजित श्रीमद्भागवत गीता कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। जिससे पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आ रहा है। भागवत कथा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की धर्मपत्नी चांदकंवर पुत्र पराक्रम सिंह राठौड़, पूर्व जिला न्यायाधीश डॉ श्यामसुंदर लाटा, संत प्रकाश दासजी महाराज, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, व्यापार व उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, समाजसेवी जयचंद शर्मा, कमल पारीक, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, सरपंच गिरधारी स्वामी, जुगलसिंह राठौड़, पार्षद हंसराज सिद्ध, भूपेंद्र सिंह, बनवारीलाल नाथोलिया, सुभाष इंदौरिया, लालचंद छिरग, जुरदीप सिंह राठौड़ सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर में 451 लाभान्वित

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे में तकियावाला जोशी परिवार की ओर से सुषमा जोशी की प्रथम पुण्यतिथि पर माहेश्वरी सेवा सदन में निःशुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों की जांच कर परामर्श दिया और लाभार्थियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में 451 जरूरतमंद मरीजों को परामर्श व उपचार दिया गया। बऊधाम के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित शिविर का भाजपा नेता दिनेश जोशी, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीकुमार लखोटिया, पवन बूंटोलिया, पीएमओ डॉ अटल भास्कर, शशिप्रकाश जोशी, पवन गोयनका व ललित पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। आयोजन समिति के एडवोकेट रामकरण जोशी, अरविंद शर्मा व मधुसूदन जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर में सेवाएं देने वाली चिकित्सकीय टीम का सम्मान किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गोपाल लाटा, सतीश पाटोदा, गायत्री पोरवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक छगन शास्त्री, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ पूनमचंद जोशी, रामस्वरूप सैनी, एडवोकेट नटवरलाल जोशी, महेंद्र रुहेला, बृजेंद्र बिजारणियां सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सन्तोषदेवी के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में आएगी रोशनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के शिव मार्केट निवासी सन्तोषदेवी पत्नी किशनलाल लीला का निधन होने पर उनके पति किशनलाल लीला, देवर द्वारका प्रसाद लीला, पुत्र विनय कुमार व विरेन्द्र कुमार लीला की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व दिनेश शर्मा ने नेत्र संग्रह किया। लीला परिवार ने दुःख की घड़ी में भी मानवीय सेवा को प्राथमिकता देते हुए परोपकार का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। सन्तोष देवी लीला के नेत्रदान से दो अन्धता के शिकार लोग दुनियां देख सकेंगे। यह जानकारी देते हुए नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 34 वां नेत्रदान हुआ है। इससे पूर्व श्रीडूंगरगढ़ से तेरह, सरदारशहर से दस, सादुलपुर से दो, सुजानगढ़ से तीन, राजलदेसर से एक, सीकर से एक तथा ग्रामीण क्षेत्र के बरड़ासर, उड़सर, कुन्तासर तथा बोघेरा से एक एक नेत्रदान हो चुका है। इस अवसर सन्तोष देवी लीला की पुत्रियां रेखा, विजयलक्ष्मी, पूनम, बिट्टू, चान्दनी, टीना, सीमा सहित परिजन उपस्थित रहे। लीला परिवार का अग्रवाल समाज ने आभार जताया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गनोडा व सारोठिया के बीच बिजली घर के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क पर अचानक पशुधन आने से घायल हो गए। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक सिकंदर मौक़े पर पहुंचे और दोनों घायलों को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे पहुंचाकर इलाज शुरू कराया। घायलों मे किशन जाट, भवानी शंकर स्वामी, निवासीगण सारंगसर के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार किशन अपने दोस्त भवानी शंकर को हैदराबाद वाली बस मे छोड़ने के लिए सुजानगढ़ आ रहा था, कि अचानक सड़क पर पशुधन आ गया। डॉ राजन महला, सुभाष आदि ने इलाज किया।



## धार्मिक व अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे पारदर्शी शिवालय के निकट भागचंदका हवेली में गुड़गांव व दिल्ली प्रवासी व मण्डावा निवासी भागचंदका परिवार की ओर से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काशीराम भागचंदका, बिमला देवी भागचंदका, संजय,संगीता, दीपक, अनुपमा, अनुवा,वसाची आशीष, अर्चना, अयाना,आरव श्रीराम व पूजा,आरोही, अयाना गोपाल व श्रूति,आदित्य,राघव आदि उपस्थित रहे। अन्त में प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ। उल्लेखनीय है कि मण्डावा के मुख्य बाजार स्थित श्री रघुनाथ मन्दिर व महाजन पंचायत - भवन आदि भागचंदका परिवार की ओर से निर्मित हुए थे। महाजन पंचायत भवन को इस परिवार ने अग्रवाल समाज को संप्रेम भेंटकर दिया था।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव में नानी बाई के मायरा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री श्याम मन्दिर आथूणा बास में 54 वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के चौथे दिन नानी बाई का मायरा पं. पंकज दाधिच की ओर से संगीतमय वाचन किया गया। मायरे में सांवरीया थारा नाम हजार कैसे लिखूं कुकुपत्री, सांवरिया के आगे खड़ा हूं, कर जोड़ के मायरों भरलो म्हारों प्यारों नंदकिशोर आदि भाव विभोर भजन प्रस्तुत किए गए। मायरा शुरू करने से पूर्व मन्दिर पुजारी श्यामसुन्दर नवहाल द्वारा अध्यक्ष गोविन्दराम प्रजापत, भगवतिप्रसाद लखोटिया, कन्हैयालाल पांडिया की ओर से पूजा अर्चना कर पंडित व उनके सभी साथियों का स्वागत किया गया। मायरा में श्याम सुन्दर सेवदा, छगनलाल तोषनीवाल, अशोक महर्षि, हरिकिशन शर्मा, सुनील मोदी, मनीष सैनी, चैनरूप भाटी, डॉ नरेंद्र सोनी, अशोक पेड़िवाल, लालबहादुर सेवदा, पंकज नवहाल सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे।



## ओसवाल नागरिक परिषद का फाग महोत्सव 1 से

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** ओसवाल नागरिक परिषद की ओर से 1 से 3 मार्च तक माली सैनी समाज बाड़ी (राजकीय चिकित्सालय के सामने) में द्विवसीय फाग महोत्सव आयोजित किया जाएगा। ज्ञानेश चौपड़ा ने बताया कि 1 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 2 मार्च को होली बंदौरी व गिंधड़ तथा 3 मार्च को श्रीमाल कृषि फार्म में पूल पार्टी व सामूहिक भोजन होगा। आयोजन में ओमप्रकाश जालान परिवार का विशेष सहयोग रहेगा।

## एनडीपीएस के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर पुलिस व डीएसटी टीम ने 8 वर्षों से फरार मादक पदार्थों के तस्कर 10 हजार के इनामी आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने बताया कि स्पेशल अभियान वाणिज्यिक मात्रा के मादक पदार्थों की जब्ती से सम्बन्धित प्रकरणों में वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक जय यादव के आदेशानुसार वृत्ताधिकारी कुलदीप वालिया के निर्देशन में थानाधिकारी के नेतृत्व में अलग अलग टीमों का गठन कर आरोपी विकाश की तलाश जारी रखी। टीमों ने जगह जगह सीसीटीवी पतारसी एवं आसुचना सकंलन से थाना ईलाका, जिला चूरू, सीकर, झूंझूनु, जयपुर, हरियाणा, दिल्ली में तलाश करते हुए मुकदमा हाजा का टॉप टेन 10 हजार रूपये का ईनामी वांछित आरोपी विकास पिलानिया पुत्र रघुवीर सिंह जाट निवासी अजीपुरा जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि 21-12-2020 को तत्कालिन डीएसटी टीम प्रभारी अमित कुमार उनि मय जाप्ता के अलग अलग टीमोंने दो लक्जरी गाडियो में भागते हुए 4 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया। जिसमें रमेश पुत्र नवरंगलाल सुंडा नि. कूदन, सुनिल कुमार पुत्र रिछपाल राहड नि. खेडी राजान, गोरव शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा पिपराली रोड सीकर व महेश पुत्र मुरारीलाल शर्मा नि. मुकदगढ़ के कब्जा से दो लक्जरी गाडियो में भर कर ले जाते हुए लगभग 140 किलो डोडा पोस्त बरामद किया था। एक आरोपी विकाश भागने में सफल हो गया था। जिस पर प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया जाकर अन्य भागे हुए आरोपी विकाश की तलाश जारी रखी। इस आरोपी को पकड़ने में जयसिंह सउनि. करणचंद कानि., जिला स्पेशल टीम चूरू सुनिल कुमार सारण कानि. साईबर सैल चूरू की टीम की अहम भूमिका रही हैं।

# सीकर की ओर दौड़ लगा रहे हैं विद्यार्थी और उनके अभिभावक

### प्रोफेशनल कोर्सेज का अभाव बना परिजनों का सरदर्द



एड. निरंजन सोनी | आनंदसिंह शेखवत | एड. तिलोकचंद | अशोक जाखड़ | कमल तापड़िया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विद्यार्थियों के परिजन इन सालों सुजानगढ़ में अजीब और पेशोपेश भरी जिन्दगी से गुजर रहे हैं। खासकर तब जबकि उनके बच्चे 10वीं, 12 वीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं और अगले साल उनके कैरियर का चिंता परिजनों को दिन रात सताती रहती है। परिजनों का एक बड़ा वर्ग तो अपने बच्चों को सीकर जयपुर भेजने के लिए पहले से ही या तो कमर कस चुका है या तैयार हो रहा है। इन दिनों अनेक परिजन तो अपने बच्चों के अध्ययन के सिलसिले में उनके साथ सीकर में ही निवास करने लगे हैं। क्योंकि लड़कियों के मामले में अब भी परिजन असुरक्षा के भाव से ग्रस्त हैं। सीकर जहां इन सालों में शिक्षा के हब के रूप में विकसित हो गया है, वहां किरायेदारों का जीवन काटने के लिए आस-पास के शहरों से परिजन अपने बच्चों के साथ पहुंच रहे हैं। हालांकि इन सालों सुजानगढ़ में उच्च शिक्षा के लिहाज से कुछ हद तक काम हुआ है, लेकिन प्रोफेशनल कोर्सेज जैसे- नीट, जेईई, क्लेट, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां, नेट की तैयारियां, आरएएस, आईएएस की कोचिंग क्लासेज, एलएलबी आदि के यहां पर न तो कोचिंग हैं और न ही कॉलेज। स्नातक और स्नातकोतर की शिक्षा यहां पर उपलबध है, जिसे अब लोग परम्परागत शिक्षा के नजरिये से देखने लगे हैं। इस इसका उदाहरण ऐसे समझा जा सकता है कि अगर कोई बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, पत्रकार, वकील बनना चाहता है, तो उसके लिए सुजानगढ़ में कोई स्कोप नहीं है, उसे सुजानगढ़ से बाहर सीकर की तरफ दौड़ लगानी पड़ेगी। या फिर जयपुर, कोटा के चक्कर लगाओ। इस प्रकार की समस्याओं से जब परिजन अपने आपको घिरा हुआ पाते हैं, तो उनको लगता है कि सुजानगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में काम काफी कम हुआ है। क्योंकि बड़े बिजनेसमेन भी यहां नहीं आते और न ही इस प्रकार की हिम्मत जुटा पाते हैं। इस बारे में जयपुर टाईम्स ने लोगो से बात की तो काफी सारी बातें निकलकर सामने आई। इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट निरंजन सोनी ने कहा कि नीट, क्लेट, जेईई की कोचिंग क्लासेज यहां पर नहीं है। जिन बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर बनना है, वो और उनके परिजन सीकर की तरफ दौड़ लगाते हैं, इससे यही साबित होता है कि सुजानगढ़ राजस्थान का 25 वां बड़ा शहर होने के बावजूद भी शिक्षा का हब नहीं बन पाया। उच्च लेवल के शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए सुजानगढ़ को अपनी कर्मभूमि नहीं बना रहे, जिससे विद्यार्थीगण परेशान हैं और अभिभावक चिंतित। सुजानगढ़ के शिक्षा का हब नहीं बन पाने में जनप्रतिधियों की उदासीनता भी कुछ हद तक जिम्मेदार है। दूसरी ओर इस बारे में त्रिशला पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह शेखावत ने बताया कि सुजानगढ़ में शिक्षा का स्तर पिछले कुछ वर्षों में निश्चित रूप से बेहतर हुआ है, विशेषकर माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों की मजबूत नींव तैयार की है। यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व और संतोष का विषय है। फिर भी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहाँ पर्याप्त संसाधनों और संस्थानों का अभाव आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि विद्यार्थियों को मजबूर होकर सीकर, कोटा, जयपुर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है। इस पलायन का प्रभाव केवल विद्यार्थियों पर ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों पर भी पड़ता है। कई अभिभावक बच्चों के भविष्य की चिंता में उनके साथ किराये पर रहने लगते हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है। वहीं जो अभिभावक ऐसा नहीं कर पाते, उन्हें बच्चों को हॉस्टल या पीजी में भेजना पड़ता है, जहाँ बच्चों को मानसिक अकेलेपन, असुरक्षा और गलत संगति, नशे की प्रवृति में होने का खतरा बना रहता है। एडवोकेट तिलोकचंद मेघवाल ने बताया कि संस्कारित, मानसिक और शारीरिक विकास की दृष्टि से सुजानगढ़वासियों को अपने बच्चों का स्थानीय स्तर पर ही सर्वांगीण विकास करने पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि सभी बच्चे अगर डॉक्टर इंजीनियर बनने की अंधी दौड़ में शामिल हो जायेंगे, तो निश्चित रूप से यह अभिभावकों की बच्चों से आवश्यकता से अधिक उम्मीदें हैं और बच्चों के साथ ज्यादती भी। एक दौर आजकल चल पड़ा है कि ज्यादा पैसे खर्च करने से ज्यादा शिक्षा बेहतर मिलेगी, यह शिवाय मिथक के अलावा और कुछ नहीं। हां यह बात सही है कि उच्च शिक्षण संस्थाओं का सुजानगढ़ में भी होना आवश्यक है, लेकिन ये हर जगह हों, ऐसा संभव नहीं हैं। वहीं अभिभावक अशोक जाखड़ ने बताया कि मेरा पुत्र कोटा अध्ययनरत है, क्योंकि यहां पर इस प्रकार के व्यवसायिक कोर्स नहीं हैं। जिसके कारण प्रतिवर्ष लाखों रूपयों का खर्च तो शिक्षा पर करना ही पड़ता है। लेकिन महीने में एक दो बार कोटा की यात्रा भी करनी पड़ती है। बच्चे परिजनों से दूर रहेंगे, तो उनके नकारात्मक भाव आने का खतरा रहता है और परिजन बच्चों की संगत को लेकर काफी चिंचित रहते हैं। इसलिए उच्च शिक्षण संस्थाएं आवश्यक हैं, जिनमें व्यवसायिक शिक्षा जैसे चिकित्सा, शिक्षा, आईटी आदि की सुविधाएं हों और बच्चों व अभिभावकों को पलायन करना नहीं पड़े। दूसरी ओर इस बारे में लायंस क्लब के जोन चैयरपर्सन कमल तापड़िया ने बताया कि जाने वाले लोगों की मजबूरी है और हमारे राजनेताओं में ईच्छाशक्ति की कमी है कि आज तक इस प्रकार की उच्च शिक्षा के संस्थान यहां पर विकसित नहीं हो पाए। तापड़िया ने कहा कि बच्चों के साथ पलायन करना लोगों की मजबूरी है और इसके चलते अगर सुजानगढ़ का टेलेंट बाहर जाकर काम करता है, तो ये विडंबना की बात है। पार्टियां आपस में एक दूसरे पर छिंटाकशी करके अनर्गल बातों में पांच साल निकाल देती हैं, लेकिन उच्च शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर काम नहीं करती, तो लोगों का कैसे भला होगा। इस प्रकार यदि सुजानगढ़ में ही उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी की सुविधाएँ विकसित की जाएँ, तो विद्यार्थियों को अपने ही शहर में सुरक्षित, सुलभ और सकारात्मक वातावरण मिल सकेगा। इससे न केवल विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि सुजानगढ़ का शैक्षिक और सामाजिक विकास भी नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

# धनुरी टोल पर 18 गांव फ्री, धरना खत्म:20 किमी दायरे में 250 रुपए का मासिक पास बनेगा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र के धनुरी टोल प्लाजा पर पिछले पांच दिनों से चल रहा धरना आखिरकार समाप्त हो गया। प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच मैराथन वार्ता के बाद समझौता हुआ। 18 गांवों को पूरी तरह टोल मुक्त करने और टोल से 20 किलोमीटर की परिधि में आने वाले अन्य गांवों के लिए 250 रुपए का मासिक पास जारी करने पर सहमति बनी। बैठक रीटा चौधरी की मध्यस्थता में हुई, जिसमें ग्रामीणों की प्रमुख मांगों को स्वीकार किया गया।

### इन गांवों के लिए टोल फ्री:

समझौते के तहत सोनासर, पीपल का बास, कालेरा का बास, लूणा, अम्बेडकर नगर, सहारण की ढाणी, धनुरी, नया बास, कयाम्सर, लादूसर, राहड़ों की ढाणी, बासड़ी, चैनपुरा, शोभा का बास, रामपुरा, कायमपुरा, फ्रांस का बास और कांट गांव के निजी वाहनों को अब टोल शुल्क नहीं देना होगा। टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले अन्य गांवों के निजी वाहन मालिक अब 250 रुपए में मासिक पास बनवा सकेंगे। इस पास से उन्हें असीमित आवागमन की सुविधा मिलेगी। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने सड़क की खामियों को दूर करने और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को प्राथमिकता से सुधारने का आश्वासन दिया।

### सूची को लेकर नई नाराजगी:

धरना खत्म होने के बावजूद टोल फ्री गांवों की सूची को लेकर असंतोष सामने आया है। टोल से करीब 6 किमी दूर स्थित बाजला को सूची में शामिल नहीं किया गया, जबकि 12 किमी दूर कांट को राहत दी गई। कांट जाने का रास्ता हरिपुरा से होकर गुजरता है, फिर भी हरिपुरा को टोल मुक्त नहीं किया गया। अलसीसर को राहत नहीं मिलने पर सरपंच हारून भाटी ने विरोध जताया। वहीं, आंदोलन के शुरुआती चेहरे रहे पूर्व प्रधान घासीराम पूनिया ने वार्ता में शामिल नहीं किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। बैठक और मांग पूरी होने के बाद आंदोलनकारियों ने धरना खत्म कर दिया।

### पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी:

समझौते के दौरान विधायक रीटा चौधरी ने धनुरी थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है और बिना उच्च अधिकारियों की जानकारी के प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेना उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। संघर्ष समिति के प्रतिनिधि महिपाल पूनिया, अरविंद गढ़वाल और अजीत मेघवाल ने इसे ग्रामीणों की एकजुटता की जीत बताया। वार्ता में एसडीएम सुमन चौधरी, सीओ हरिसिंह धायल, धनुरी एसएचओ संजय गौतम, पीडब्ल्यूडी अधिकारी और टोल ऑपरेटर कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। फिलहाल टोल पर स्थिति सामान्य है, लेकिन चयनित गांवों को मिली राहत को लेकर उठे सवाल आने वाले दिनों में सियासी बहस को जन्म दे सकते हैं।

## *एनडीपीएस के दस वर्ष पुराने मामले आरोपी दोष मुक्त*

***जयपुर टाइम्स/तारानगर (निस)।*** *अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने एनडीपीएस के दस वर्ष पुराने प्रकरण में हरियाणा के सिरसा जिले के जगमालवासी निवासी अभियुक्त चरणजीत सिंह को दोष मुक्त घोषित किया। सीनियर अधिवक्ता महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि तारानगर पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 150 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में आरोप पत्र पेश किया था जिसमें न्यायालय ने 10 वर्ष लम्बे विचारण के बाद अभियुक्त चरण सिंह को दोषमुक्त घोषित कर दिया। अभियुक्त चरणसिंह की ओर से पैरवी महेंद्र कुमार यादव ने की।*

## रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को रा. उ.मा. विद्यालय, ग्राम पंचायत कलाखरी, पंचायत समिति बुहाना में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर डॉ गर्ग ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनना और उनका प्रभावी समाधान करना है। चौपाल में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क मरम्मत, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ कैलाश यादव, बुहाना उपखंड अधिकारी पूनम मीणा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर समेत जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु / विकास शाखा / 2026 / 11525 दिनांक :— 20.02.2026

**:—ई—निविदा सूचना—2026—27:—**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदा दिनांक 09.03.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक:— DLB2526WSOB35245, DLB2526WSOB35246, DLB2526WSOB35249 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 21276

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com
eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक दिनांक

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 27-02-2026 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 122/2025-26 | PHE2526WSOB14704 |
| 2 | 123/2025-26 | PHE2526WSOB14705 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

DIPR/C/4204/2026

**Executive Engineer,**
**PHED Division Taranagar**
**Contact- 98871-81073**

राजस्थान सरकार
( ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग )

**कार्यालय जिला परियोजना प्रबंधन ईकाई, चूरू (राज.)**
**राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका)**
**(कार्यालय का पता - जिला परिषद, चूरू)**

ई-मेल-dpmnrimchuru@gmail.com दूरभाषः- 01562 250836

**District Project Management Unit, Churu**
**(Name of Procuring Entity)**

**Notice Inviting Bid**

Bids for Bags Name (s) of subject matter (s) of Procurement are invited from interested bidders upto 11.30AM (time) 26-02-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on theProcurementportal (http//sppp.raj.nic.in) ofthestate; andhttps// rgavp. rajasthan. gov.in/ website master/Tenders Eolde partment website.
NIB- RGA2526A0355
UBN- RGA2526GSOB00426 Rs. 5.00 lakh

DIPR/C/4114/2026 **(Designation of Bid Inviting officer)**

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक :न.प.सु./भूमि शाखा/2026/11740 दिनांक 25-02-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती रहीसा बानू पत्नी श्री नेक मोहम्मद कायमखानी | सुजानगढ़ | 1928/ 633 | 186.73 | आवासीय |

**आयुक्त**
**नगरपरिषद, सुजानगढ़**

**कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, चूरू**

क्रमांकः- जिसासशिअ / चूरू / 2025-26 / 332 दिनांक 25.02.2026

**निविदा सूचना 05/2025-26**

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ( 2022 2027 ) के अन्तर्गत नवसाक्षरों की आयोजित परीक्षा हेतु पंजीयन फॉर्म एवं प्रश्नोतर पुस्तिका मुद्रित करने के लिए इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। अनुमानित राशि 2.88 लाख रूपये निविदा के दस्तावेज / अन्य शर्ते राज्य लोक उपापन पोर्टल http/sppp.rajsthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।
UBN NO LIT2526GSOB00062

**DLCEO CHURU**

**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S.NO.: 445 DATE :25.2.2026

**Notice Invitine Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders uplo 20-02-2026, 09:30 AM to 27-02-2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visiied on the procurement portal (htto://sppp.rai.nic.in) ofthe state. The approximate value ofthe work is maximum RS.200000/-

UBN No. PKP2526WSOB00345-380

**BDO**
**PS PATAN**

## बेचान, हस्तान्तरण, रूपांतरण पर लगाई रोक

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने एन एच 58 से मेगाहाईवे तक बनने वाली सड़क के लिए भूमि अवाप्ति वाले खसरों में बेचान, हस्तान्तरण, रूपांतरण आदि पर रोक लगा दी है। उपखंड अधिकारी की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि ग्राम मींगणा, भोम बोबासर, बोबासर बीदावतान, भोजलाई, कस्बा सुजानगढ, सुजानगढ़ ग्रामीण, गुलेरिया आदि क्षेत्रों में भूमि अवाप्त होनी है। इसलिए सड़क की भूमि अवाप्ति से सम्बंधित खसरों पर बेचान, हस्तान्तरण, रूपांतरण रोक लगाई जाती है।

## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 4 प्रतिष्ठानों से 57 सिलेंडर जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** घरेलू गैस के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर रोक के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला रसद विभाग की प्रवर्तन टीम ने बाड़ी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 4 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अवैध भंडारण व व्यावसायिक उपयोग के मामले सामने आए। दिवाईपाड़ा व गांधी पार्क क्षेत्र में स्थित दुकानों से 44 भरे व 3 खाली सहित कुल 9 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से भंडारित पाए गए। वहीं घंटाघर स्थित मंगल मिष्ठान भंडार पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए 4 सिलेंडर, रेगुलेटर, नली व भट्टी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 57 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर राजकीय सुपुर्दगी में बाड़ी स्थित शंभू गैस सर्विस को सौंपे गए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शांति व्यवस्था के लिए 18 कार्यपालक मजिस्ट्रेट तैनात

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली।** होलिका दहन (2 मार्च) और धुलण्डी (3 मार्च) के मद्देनज़र पाली जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पर्व के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर में 18 कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट लक्ष्मीनारायण मंत्री ने आदेश जारी कर सभी उपखंडों–पाली, रोहट, बाली, सुमेरपुर, देसूरी, रानी, सोजत और मारवाड़ जंक्शन में संबंधित एसडीएम व तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर पाली को पूरे जिले की मॉनिटरिंग का प्रभारी बनाया गया है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय से होली और रमजान के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## विद्युत आपूर्ति पांच घंटे रहेगी बंद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड, राजाखेड़ा में गुरुवार को पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के सहायक कनिष्ठबअभियंता बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राजा खेड़ा की जीएसएस 133 पर मरम्मत कार्य के चलते राजाखेड़ा से निकलने वाले फीडर 33 केवी जीएसएस नदोरा की विद्युत आपूर्ति 10:00 बजे से 3:00 बजे तक बंद रहेगी।

## विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में बंद नलकूप अगले माह तक चालू कर दिये जाएंगे: चौधरी

**जयपुर** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के बंद नलकूपों को आगामी मार्च माह तक क्रियाशील करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां वर्ष 2024-25 में 7 एवं वर्ष 2025 -26 में 23 नलकूप खोदे गए थे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक हाकम अली खां द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में 35 पुराने कुओं के जीर्णोद्धार के तहत 7 कुओं के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है, 8 कुओँ के लिए मार्च माह में स्वीकृती जारी की जाएगी तथा शेष कुओं के लिए चरणबद्ध रूप से स्वीकृति जारी की जाएगी। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2025 तक शहरी क्षेत्र में कुल 31 नलकूप एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुल 62 नलकूप खोदे गए। इनका वर्षवार व स्थानवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में राज्य मद के अंतर्गत 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2025 तक शहरी क्षेत्र में कुल 22012 मीटर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुल 18,346 मीटर पाइप लाइन डाली गई है। स्वीकृति प्राधिकारी व व्यय का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र फतेहपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में डाली गई 10,54,166 मीटर पाइपलाइन का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि विधान सभा क्षेत्र फतेहपुर में विगत 2 वर्षों में पम्पसेट मोटर बदलने पर 106.49 लाख, पम्पसेट रिपेयरिंग पर 16.78 लाख एवं लिकेज रिपेयरिंग पर 33.28 लाख का व्यय किया गया। इनका वित्तीय वर्षवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। इसी प्रकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में डाली गई पाइप लाइनों का फर्मवार विवरण भी उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

## जोधपुर की उप तहसील आसोप का क्रमोन्नयन समिति की रिपोर्ट के आधार पर - राजस्व मंत्री

**जयपुर** राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्य मती गीता बरवड़ के पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि तहसील, उप तहसील और अन्य राजस्व इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा पंवार समिति का गठन किया गया है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर जोधपुर की उप तहसील आसोप के क्रमोन्नयन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक लाभ के लिए प्रदेश में नवीन जिलों की घोषणा की गई थी। इससे पहले विधायक मती बरवड़ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि जोधपुर जिले की आसोप उप तहसील भोपालगढ़ तहसील के अंतर्गत है। उप तहसील आसोप में 3 आईएलआर व 12 पटवार मंडल तथा तहसील भोपालगढ में 5 आईएलआर व 18 पटवार मंडल शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उप तहसील आसोप में पटवार मण्डलों की संख्या निर्धारित मापदण्डानुसार कम होने के कारण तहसील में क्रमोन्?नत किया जाना संभव नहीं है।

# खाटू नगरी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब: आस्था, तकनीक और सेवा का महाकुंभ

## पुलिस की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था ने बढ़ाया श्रद्धा का विश्वास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान के सीकर जिले में स्थित विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी में इस वर्ष का फाल्गुनी लक्खी मेला आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन के एक अद्भुत संगम के रूप में उभर रहा है। 21 से 28 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी ने आपसी समन्वय से सुरक्षा और सुविधा का ऐसा अभूतपूर्व खाका तैयार किया है, जिससे हर भक्त सुरक्षित और सुगम दर्शन कर सके। इस वर्ष की रणनीतियों में तकनीकी नवाचार और श्रद्धालुओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

### दिव्यांगों के लिए विशेष सारथी:

राजस्थान पुलिस ने इस मेले में सुरक्षा के साथ-साथ संवेदनशीलता का भी परिचय दिया है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से दर्शन केंद्र तक उन्हें विशेष वाहनों से लाया जा रहा है और वहाँ से पुलिसकर्मी स्वयं व्हीलचेयर के माध्यम से उन्हें सम्मानपूर्वक दर्शन करवा रहे हैं। एसपी नूनावत के अनुसार खाटूधाम आने वाला हर श्रद्धालु पुलिस के लिए परिवार के सदस्य की तरह है और मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए बल को विशेष निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए इस बार श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया है। श्रद्धालु पुलिस की मदद या अच्छी व्यवस्था के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं। चुनी गई 100 श्रेष्ठ सेल्फी को राजस्थान पुलिस की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीजीपी के निर्देशानुसार मेले के होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि भक्ति के साथ-साथ एक सुरक्षित समाज का संदेश भी प्रसारित हो सके।



### तैयारियों का अंतिम निरीक्षण:

मुख्य मेले और फाल्गुन एकादशी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने पुलिस अधीक्षक सीआईडी अपराध शाखा ज्येष्ठा मैत्रेयी के साथ मेला क्षेत्र का सघन दौरा किया। उच्चाधिकारियों के इस दल ने मेला बाजार, मुख्य मंदिर परिसर और विभिन्न पार्किंग स्थलों का जायजा लेकर सुरक्षा चक्र और भीड़ प्रबंधन की रणनीतियों की सूक्ष्मता से समीक्षा की। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक (प्रचार) डॉ. कमलेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव व नियति शर्मा सहित सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने धरातल पर तैनात जाब्ते को निर्देश दिए कि मुख्य मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए सतर्कता और सेवा भाव का समन्वय बनाए रखें, ताकि व्यवस्थाएं पूरी तरह त्रुटिहीन रहें।

### चार दिन में लाखों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश:

मेले के शुरुआती चार दिनों में ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार, पहले तीन दिनों में कुल 4,10,316 श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए हैं। 75 फुट चौड़े मार्ग पर स्थापित अत्याधुनिक गणना कैमरों के माध्यम से भीड़ का सटीक आकलन किया जा रहा है। 14 कतारों वाली सुव्यवस्थित दर्शन प्रणाली के कारण लंबी लाइनों के बावजूद श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुँच रहे हैं। आगामी 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को मेले का मुख्य आकर्षण होगा, जब बाबा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

### कन्हैया मित्तल की अपील: अवगुण छोड़ें, गंदगी न फैलाएं:

प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने एक भावपूर्ण वीडियो संदेश जारी कर श्याम भक्तों को मेले की मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने अपनी रील के माध्यम से कहा कि सभी श्याम प्रेमियों से मेरा निवेदन है कि बाबा के मेले में आते समय अपने भीतर के किसी एक अवगुण को छोड़ने का संकल्प लेकर आएं। मेले में किसी भी प्रकार की गंदगी व फूहड़ता न फैलाएं और मर्यादित आचरण रखें। रींगस से खाटू की पदयात्रा के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें और रास्ते को गंदा न करें। अक्सर भक्त उत्साह में आकर इत्र की शीशियां, गुलाब और मालाएं ऊपर की ओर फेंकते हैं, जिससे पीछे जिससे व्यवस्था बिगड़ती है। मैं राजस्थान सरकार, प्रशासन और विशेष रूप से एसपी प्रवीण नायक नूनावत का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इतनी सुंदर व्यवस्थाएं की हैं। पुलिस का सहयोग करें और अनुशासित रहें।

### हाईटेक सुरक्षा घेरा: 22 सेक्टर और 5 हजार से अधिक जवानों की तैनाती:

मेले की विशालता को देखते हुए एडीजी कानून व्यवस्था वी.के. सिंह ने सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंध किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित कर 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से पैनी नजर रखी जा रही है और केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से प्रभारी पुलिस अधिकारी नियति शर्मा के निर्देशन में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही, श्रद्धालुओं को पल-पल की जानकारी देने के लिए मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जो दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, आरती के समय और मौसम के अपडेट प्रदर्शित कर रही हैं।

### कलर-कोडेड पार्किंग और सुगम यातायात प्रबंधन:

सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत के नेतृत्व में इस बार यातायात व्यवस्था को बेहद सरल बनाया गया है। प्रतिदिन आने वाले 25 हजार से अधिक वाहनों के लिए चार बड़े निःशुल्क पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिन्हें बावन बीघा (पीला), सांवलपुरा (हरा), लामिया रोड़ (नीला) और दातारामगढ़ (गुलाबी) जैसे रंगों से कोड किया गया है। श्रद्धालुओं को दूर से ही अपनी पार्किंग की दिशा का पता चल सके, इसके लिए उन पर संबंधित रंगों के बड़े बैलून (गुब्बारे) लगाए गए हैं। पार्किंग से दर्शन स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने के लिए 25 रुपये के निर्धारित शुल्क पर 2000 ई-रिक्शा संचालित किए जा रहे हैं, जो अनावश्यक जाम को रोकने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### पदयात्रियों के लिए समर्पित कॉरिडोर और सहायता बूथ

श्रद्धालुओं की परंपरा का सम्मान करते हुए रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है, जो पूरी तरह वाहन मुक्त है। यहाँ पेयजल, प्रकाश और विश्राम की पर्याप्त सुविधाएं दी गई हैं। इसके साथ ही, मेला परिसर में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं जो वायरलेस और लैंडलाइन सुविधाओं से लैस हैं। यहाँ नियुक्त कार्मिक गुमशुदा व्यक्तियों, खोए हुए सामान और किसी भी आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं की त्वरित मदद कर रहे हैं। पुलिस ने सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और मोबाइल नंबर 9667600788 भी जारी किया है।

## लाजवाब है मण्डावा की आदर्श होली

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** रंगों का यह त्योहार जब शेखावाटी अंचल की हवेलियों, महलों और रेतीले धोरों के बीच मनाया जाता है, तो इसका जादू दोगुना हो जाता है। यहां की होली सिर्फ रंग नहीं, बल्कि संस्कृति, लोकगीत और ठंडाई की खुशबू से भरी होती है। शेखावाटी की उन बेहतरीन जगहों पर, जहां होली मनाना एक अलग ही अनुभव है। शेखावाटी की ये जगहें केवल राजस्थानी लोगों का ही नहीं बल्कि विदेशी पावणों का ध्यान भी अपनी ओर खिंचती हैं। नीले रंग से रंगी दीवारों,गढ़ किले की भव्य छांव में यहां की होली एक अलग ही अनुभव देती है। यहां की होली में दिखावा नहीं, बल्कि प्रेम और अपनापन झलकता है। यहां की सबसे खास परंपरा है 'गैर नृत्य' पुरुषों का यह सामूहिक लोकनृत्य इतना मशहूर है कि इसे देखने के लिए जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों से पर्यटक खिंचे चले आते हैं। विदेशी सैलानी पुराने शहर की संकरी गलियों में स्थानीय लोगों के साथ होली खेलते हैं। मण्डावा में होली का अनुभव राजसी, सुंदर और सांस्कृतिक होता है। पुराने महलों के आसपास रंगों के उत्सव का एक अलग ही नजारा देखा जाता है। यहां होलिका दहन का आयोजन शाही परिवार की ओर से किया जाता है, जिसे होलिका दहन कहते हैं। शाम के समय लोक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम माहौल को आकर्षक बना देते हैं। यह वीर योद्धाओं के सम्मान में एक परंपरा है, साथ ही पटाखे जलाए जाते हैं। मण्डावा में होली के अवसर पर पर्यटन व्ययवसायी देश-विदेश के पर्यटकों को राजस्थानी परंपराओं से रूबरू कराता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 2 व 3 मार्च को मण्डावा में आयोजित किया जाएगा। इस उत्सव में पारंपरिक लोक संगीत, घूमर व अन्य लोक नृत्य प्रस्तुतियां, रंगोत्सव और राजस्थानी आतिथ्य का अनुभव कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य विदेशी मेहमानों और पर्यटकों को होली के सांस्कृतिक स्वरूप से परिचित कराना है। इसके साथ ही पारंपरिक रम्मत लोक नाट्य और स्थानीय गीत-नृत्य इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। शहर की पुरानी गलियों और चौकों में सामूहिक उत्सव का वातावरण बनता है, जहां स्थानीय लोग अतिथियों का स्वागत बड़े स्नेह से करते हैं।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अनूठी पहल- योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित 'समाधान' के लिए मुख्यालय में जल्द खुलेगी 'हेल्प डेस्क'

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (निस)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा के निर्देश पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए मुख्यालय पर शीघ्र ही 'हेल्प डेस्क (समाधान कक्ष)' स्थापित किया जाएगा। यह पहल विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंबेडकर भवन में बुधवार को समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों एवं संबंधित कार्मिकों को इस संबंध में विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान समाधान कक्ष की कार्यप्रणाली, समस्या दर्ज करने की प्रक्रिया, मॉनिटरिंग तंत्र तथा त्वरित निस्तारण की व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी गई। निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि इसी प्रकार का नवाचार पूर्व में बतौर निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर रहते हुए सफलतापूर्वक लागू किया गया था, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आगामी समय में सामाजिक न्याय विभाग में और भी कई नवाचार लागू किए जाएंगे, जिनसे लाभार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा जवाबदेहिता सुनिश्चित होगी। संयुक्त निदेशक (आईटी), माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर श्री गौरव शर्मा ने समाधान कक्ष प्रणाली के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक डिजिटल तंत्र की सहायता से ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया गया है, जिससे योजनाओं से संबंधित समस्याओं की ऑनलाइन ट्रैकिंग, निगरानी एवं शीघ्र निस्तारण संभव होगा। संयुक्त निदेशक (आईटी) सामाजिक न्याय अमर सिंह मीणा ने बताया कि समाधान कक्ष में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण के त्वरित निस्तारण का लक्ष्य रखा जाएगा।

## मेहनत के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले: खेमसिंह ढाका

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** बाल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र का सचिवालय जयपुर में खेलकोटे से लिपिक ग्रेड सेकंड में सिलेक्शन होने पर मंगलवार को सम्मान किया गया। विद्यालय निदेशक खेमसिंह ढाका की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र अविनाश ढाका पुत्र इंद्राज ढाका पंजी का बास निवासी का विद्यालय परिसर में माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। अविनाश ने नेशनल स्तर पर राजस्थान टीम से प्रतिनिधित्व करते हुए सतोलिया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता रहा था और खेल कोटे से सचिवालय जयपुर में लिपिक ग्रेड सेकंड पर सिलेक्शन पाया है। इस मौके पर निदेशक खेमसिंह ढाका ने संबोधित करते हुए अविनाश के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे तो उसका फायदा आपको जरूर मिलेगा क्योंकि खेल कोटे से भी सरकारी नौकरी मिलती है और निरंतर अपने काम पर ध्यान देंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। वही अविनाश ने विद्यार्थियों को लग्न के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी प्रकार का जीवन में कभी नशा ना करें क्योंकि इससे जीवन बर्बाद होता है, ऐसे में आप अपना करियर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए माता-पिता वह गुरुजनों और बड़ों का हमेशा सम्मान करें। इस दौरान विजय सिंह ढाका, प्रधानाचार्य राजवीर, सुनील कुमार, रोहिताश मान, भगवान सिंह, दिलीप सिंह, जयदीप शर्मा, दयानंद, अनिल कुमार, नानू सिंह, राजेश कुमार, विजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, चरण सिंह, राजबाला, कविता, पूजा, रक्षा, निर्मला कुमारी, स्नेहा, निर्मला, ममता, हरिप्रसाद शर्मा, मोहम्मद साकिब अली, सुभाष स्वामी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## धौलपुर में रामनवमी शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संरक्षण में श्री राम नवमी भव्य शोभायात्रा समिति की ओर से 26 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी शोभायात्रा के लिए पोस्टर विमोचन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात समिति पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा को भव्य व सफल बनाने के लिए अपने विचार रखें। शोभायात्रा संयोजक गिरीश गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी शोभायात्रा 26 मार्च को शाम 3 बजे से धौलपुर शहर में भव्य रूप से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, भगवा ध्वज व भक्ति संगीत के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। वहीं शोभायात्रा संरक्षक पूज्य महंत हनुमान दास महाराज ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया तथा प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने समाज में प्रेम, सद्भाव व एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों में अनुराग शर्मा, जितेंद्र त्यागी, प्रशांत हुंडावाल, रिषि मित्तल, विमल भार्गव, राजकुमार तोमर, बबलू शर्मा, अशोक बाल्मीकि, राम शर्मा, चंद्रप्रताप धाकरे, नरेश कुमार, धीरेन्द्र कुशवाह, सीनू गुर्जर, रामनरेश, रविन्द्र, करण, सक्षम गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।